




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 11 जून 2026







**पीएम मोदी के 12 साल** | पीएम मोदी बोले- मेरे लिए जनता ही भगवान का स्वरूप



प्रधानमंत्री के 12 साल का कार्यकाल पूरा होने पर एनडीए ने किया मोदी का सम्मान

# मोदी के 'कार्यकाल' ने रचा इतिहास, एनडीए ने मनाया जश्न, विकसित भारत का लिया संकल्प

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम बुधवार को एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई। केंद्र सरकार के प्रमुख के रूप में उन्होंने 12 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया। वह लगातार 4399 दिनों तक चुने हुए सरकार के मुखिया रहने वाले भारत के पहले नेता बन गए। इस खास मौके का जश्न मनाने के लिए दिल्ली के भारत मंडपम में एनडीए की बड़ी बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एनडीए ने बधाई दी और उनके नेतृत्व में 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में काम जारी रखने का संकल्प लिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत मंडपम में हुई एनडीए की बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 2014 के बाद भारत के लोगों ने देखा कि सही नीयत से सरकार चलती है तो देश का विकास होता है। 12 साल में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना दिखाता है कि हमारी नीतियां सही हैं। मोदी ने कहा, 12 साल में देश कांग्रेस के कूचक्र से आजाद हुआ। कांग्रेस ने देश को लाचार बना दिया था। देश को एहसास कराया ▶▶|शेष पेज 7 पर

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4,399 दिनों के लगातार कार्यकाल के साथ भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का स्थापित किया कीर्तिमान***



### 7 सूत्रीय प्रस्ताव पारित

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने पर उन्हें बधाई देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री मोदी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सात ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कांग्रेस ने नाकामी का कलंक हिंदू आबादी पर लगाया

पीएम मोदी ने कहा, 12 साल में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ। इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट था। इसमें न गवर्नेंस थी, न नीति, न नीयत और न ही निर्णय। नाकामी कांग्रेस की थी लेकिन कलंक हिंदू आबादी पर लगाया गया। जबकि असल में इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट होना चाहिए था।

### ट्रंप समेत दुनियाभर की नेताओं ने दी बधाई

पीएम मोदी को दुनियाभर के नेताओं ने बधाई और शुभकामना संदेश भेजे हैं। इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यांग, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, पापुआ न्यू गिनी के जेम्स मारापे आदि हैं।



भारत मंडपम में आयोजित बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## नक्सलमुक्ति और आदिवासी उत्थान का स्वर्णकाल : साय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारत मंडपम में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को बधाई देते हुए कहा कि पिछले 12 वर्ष देश के जनजातीय समाज के सम्मान, सशक्तिकरण और विकास के लिए स्वर्णकाल साबित हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रभावी रणनीति के कारण छत्तीसगढ़ को दशकों पुरानी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कई योजनाएं अर्थव्यवस्था को कर रही मजबूत

उन्होंने कहा कि पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, लघु वनोपज की रिकॉर्ड खरीदी, किसानों को धान, दलहन और तिलहन का बेहतर मूल्य तथा कृषक उन्नति योजना जैसी पहलें ग्रामीण और जनजातीय अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। वहीं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के माध्यम से राज्य के 2 करोड़ 45 लाख जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

## बंगाल के सीएम ने पीएम को खिलाई झालमुड़ी



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने साथी नेताओं के साथ पश्चिम बंगाल की मशहूर झालमुड़ी का स्वाद लिया। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री मोदी को झालमुड़ी बनाकर दी। वहीं, पीएम मोदी ने खुद अपने हाथों से सहयोगियों को झालमुड़ी बांटी। मोदी ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर भी साझा किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नेताओं के साथ झालमुड़ी का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत मंडपम में हुई इस बैठक में बीजेपी और एनडीए गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल हुए।






### भगवान जगन्नाथ से जुड़े तीन मुख्य शब्दों के लिए पेटेंट



**पुरी।** पुरी स्थित 12वीं सदी के श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रशासन ने मंदिर से जुड़े कुछ विशेष शब्दों और चिह्न के लिए पेटेंट हासिल कर लिया है। मंदिर के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा, हमने आनंद बाजार, श्री पतितपावन और श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन जैसे तीन शब्दों के लिए पेटेंट हासिल कर लिए हैं। हमें इस संबंध में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिया से आधिकारिक पुष्टि भी प्राप्त हो गई है। मंदिर ने श्री जगन्नाथ संस्कृति और मंदिर से जुड़े 29 चीजों के लिए आईपीआई से पेटेंट की मंजूरी मांगी थी।

### तीन करोड़ की चरस जब्त, तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** ठाणे शहर की अपराध शाखा ने कश्मीर घाटी से जुड़े एक मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 3.03 करोड़ रुपए मूल्य की चरस और ट्रामाडोल कैप्सूल जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई मादक पदार्थ विरोधी एक विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस की एक टीम ने गत आठ मई को गुजरात के अंकलेश्वर के रहने वाले फिरोज अब्दुल खान को उस समय रोका, जब वह मुंब्रा की ओर जा रहा था। 3.02 करोड़ रुपए मूल्य की 3.020 किलोग्राम चरस और 1,48,504 रुपए मूल्य की स्पास्मो-प्रॉक्सिवॉन आर-प्लस शामिल है।




# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

CVRU DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

A part of aisect india

Bilaspur, Chhattisgarh

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | NAAC Accredited University

## JOIN A NAAC 'A' GRADE UNIVERSITY
## AI ENABLED CAMPUS WITH GLOBAL OPPORTUNITIES



3800 Students Placed (Last 5 years)

Companies Visited 400+

Up to 100% Scholarship Available for Deserving and Eligible Students

25+ International Students from Nepal & Bhutan.

Highest Package up to ₹ 35 LPA

## APPROVALS & RECOGNITION FROM REGULATORY BODIES

(University Grants Commission) Act 1956

The AICTE (All India Council of Technical Education)

The NCTE (National Council for Teacher Education)

The BCI (Bar Council of India)

Dr. C.V. Raman University is the member of the Association of Indian Universities (AIU)

The University is Approved by CGPURC

The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948)

University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

Google Cloud Certified Digital Campus Elite Tier

futureskills prime — A MeitY - NASSCOM Digital Skilling Initiative

## PROGRAMMES OFFERED ADMISSION OPEN (2026-27)

### Engineering & Technology

**Bachelor of Engineering**

Mechanical Engg. | Civil Engg.
Electrical Engg. | Electrical & Electronics
Electrical & Comm. Engg. | Computer Science

**Master of Technology**

Digital Communication | Power System
Computer Science
Production Engg. | VLSI | Software Engg.

**Polytechnic Diploma**

Civil Engg. | Mechanical Engg.
Computer Science Engg.
Electrical Engg.

**UG Diploma in Fire Safety Management**

### Information & Technology

**Master of Science (IT, CS)**

**Bachelor of Computer Application (BCA)**

BCA: Specialization in AI & ML | Course Certification from Industry

**PG Diploma in Computer Application (PGDCA)**

**Diploma in Computer Application (DCA)**

### Science

**Bachelor of Science (B.Sc.)**

Physics | Chemistry | Maths | Microbiology | Biotech
Botany | Zoology | Computer Science | Rural Tech.
UG Nutrition & Dietetics

**Master of Science (M.Sc.)**

PCM | Botany | Microbiology | Biotech | Zoology
Rural Tech | Electronics | Applied Physics

**PG Diploma in Rural Development (PGDRD)**

### Education & Physical Education

**Bachelor of Education (B.Ed)**
**Master of Education (M.Ed)**
**Bachelor of Physical Education and Sports (BPES)**
**Master of Physical Education and Sports (MPES)**

### Law

**B.A. (LLB) | B.Com. (LLB) | L.L.B. | L.L.M.**

### Commerce & Management

**Bachelor of Commerce (B.Com)**
**Master of Commerce (M.Com)**
**Bachelor of Business Administration (BBA)**
**Master of Business Administration (MBA)**
**PGDBM**

### Arts

**Bachelor of Arts (BA) | Master of Arts (MA)**

Hindi | English | Chhattisgarhi | Sanskrit | History
Geography | Economics | Political Science
Sociology | Education | Rural Development
UG Diploma in Foreign Language
PG Diploma in Geospatial Technology
Diploma in Paurohitya (Karmakand) | Yoga

**Bachelor of Library Science (B.Lib)**
**Master of Library Science (M.Lib) |**
**Master of Social Work (MSW)**
**Bachelor of Journalism | Master of Journalism**
**Performing Folk & Fine Arts:**
**BPA (Dance, Instrumental, Vocal) | MPA**
**Certificate Courses:**
Indian Music (Vocal), Kathak, Tabla, Guitar

### Pharmaceutical Sciences

**Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)- 4 Years**
**Master of Pharmacy (M.Pharm)-2 Years**
**Diploma of Pharmacy (D.Pharm)-2 Years**

### Bachelor of Vocational ( B.Voc)

**Automobile Servicing | House Keeping**
**Banking, Financial Services and Insurance**
**Home Care | Construction | Production Technology**
**AC & Refrigeration | Multimedia & Animation**
**Interior Designing | Hospital Administration**
**Fire & Safety (Industrial & Construction)**
**Fashion Designing | IT Application Development**

**Research Programmes Ph.D.**

**Distance Programmes Offered : BBA | MBA | B.Com | M.Com | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. B.A. (General) | M.A. (Hindi) | M.A. (English) | M.A. (Sanskrit) | M.A. (History)**

## Ph.D. ADMISSION NOTIFICATION 2026–27

**in accordance with the UGC (Minimum Standards and Procedures for Award of Ph.D. Degree) Regulations, 2022**

Applications are invited for admission to the Ph.D. Programme (Full-Time / Part-Time) for the Academic Session 2026–27 in the following disciplines:

| S. No. | Subject | No. of Tentative Vacant Seats | S. No. | Subject | No. of Tentative Vacant Seats |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Commerce | 16 | 15 | Computer Science Engineering | 19 |
| 2 | Management | 12 | 16 | Education | 02 |
| 3 | Mathematics | 06 | 17 | Physical Education | 20 |
| 4 | Chemistry | 14 | 18 | Hindi | 10 |
| 5 | Physics | 21 | 19 | English | 17 |
| 6 | Microbiology | 04 | 20 | Sanskrit | 08 |
| 7 | Botany | 06 | 21 | Library & Information Science | 14 |
| 8 | Rural Technology | 05 | 22 | Sociology | 13 |
| 9 | Computer Science | 05 | 23 | Geography | 10 |
| 10 | Information Technology | 05 | 24 | Political Science | 02 |
| 11 | Civil Engineering | 10 | 25 | History | 09 |
| 12 | Mechanical Engineering | 12 | 26 | Economics | 03 |
| 13 | Electrical Engineering | 08 | 27 | Pharmacy | 06 |
| 14 | Electronics & Communication Engg. | 16 | | | |

**Eligibility:** Post Graduate Degree in the relevant subject with minimum 55% marks. A relaxation of 5% marks shall be provided to SC/ST/OBC (Non-Creamy Layer)/PwBD/EWS candidates as per UGC Ph.D. Regulations 2022.

**Admission Procedure:** Admission shall be made through Ph.D. Entrance Examination, followed by Interview / Research Proposal Presentation, in accordance with the UGC (Minimum Standards and Procedures for Award of Ph.D. Degree) Regulations, 2022.

Candidates qualified in UGC NET / CSIR NET / GATE / CEED / SET / SLET or any other national-level fellowship/eligibility test recognized by UGC may be considered for exemption from the Entrance Examination as per University norms.

**Application Procedure:** Application forms are available online on the University website www.cvru.ac.in and offline at the Admission Office / Research Cell of the University. The prescribed application fee is Rs. 5000/-, payable through cash or Demand Draft (DD payable at Bilaspur in favour of Dr. C. V. Raman University). **Last Date for Submission of Application Form: 15/06/2026**

***Note:** Final allocation of Ph.D. seats and admission of candidates shall be subject to the availability of recognized research supervisors and the recommendations of the Departmental Research Committee (DRC), as per UGC Ph.D. Regulations 2022.

**Entrance Exam Date: 19/07/2026**

**Venue: Dr. C.V. Raman University, Kargi Road Kota, Bilaspur (C.G.)**

Address for Sending the application:

**REGISTRAR, DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY**

Kargi Road, Kota Bilaspur (C.G.) Ph. 07753-253801, Mo. 9617779322, 6261900581
Email: cvruphd23@gmail.com, info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

**Special Features:**

● Accredited by NAAC ● Chhattisgarh's first private university ● Skill Courses offered by PMKK in the University ● 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship. ● Fully Automated Central Library ● 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery ● Diverse student base from 8 states ● Career Advancement – Upgrade skills, get promotions, and grow in your career. ● Flexible Timings – Ideal for working professionals, homemakers, and rural learners. ● Rich Study Material – Printed self-learning books, e-books, and interactive video lectures. ● Affordable Fee Structure – Quality education at a low cost ● Counselling & Support – Guidance from expert faculty through online/offline modes. ● Technology-Enabled Learning – Online classes, e-resources, and digital libraries for modern education. ● Learner Support Division – Dedicated academic and administrative support through counselling and helplines. ● Inclusive Education – Empowering rural learners, women, and differently-abled students through equal opportunities. ● PSC Coaching integrated UG/PG Programme ● Google Cloud Certified Digital Campus.

**ADMISSION HELPLINE : 6261-900581/88**

Campus: Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph.+91-7753-253801
E-Mail : info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

**Top Recruiters of AGU**

More than **500 companies** for Placements and Internships Offering up to **10 Lakh Package**

NIIT | Star | vivo | Tech Mahindra | vedanta | pinnacle | LANCO | wipro | amazon | IndusInd Bank | Infosys | zomato | दैनिक भास्कर | genpact | iON

AdPRAYAS

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




## बीईओ और संस्था प्रमुख देखेंगे

*बस्तर जिले के सभी 7 ब्लाक के बीईओ और शालाओं के प्रमुख बच्चों को किसी तरह की परेशानी न हो इस पर विशेषतौर पर ध्यान देंगे। गर्मी की छुट्टी में कुछ शाला भवनों का निर्माण और जर्जर भवनों की मरम्मत हुई है। नवीन शौचालय के लिए भी स्वीकृति मिली है। नए शैक्षणिक सत्र में शौचालय विहिन शालाओं जहां उपयोग लायक नहीं है वहां प्राथमिकता से काम होगा। शासन प्रशासन की मंशा है बेहतर वातावरण में बच्चों की शिक्षा हो इसलिए जहां जहां समस्याएं है वहां प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए पहल की जाएगी।*

*- बलिराम बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर*

**प्राथमिक शाला के 133, मिडिल के 61 और हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के 2-2 स्कूलों के शौचालय उपयोग योग्य नहीं**

# बस्तर में मासूमों की जान सांसत में 60 स्कूल जर्जर, 176 शौचालयविहीन

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि लगातार





एक सप्ताह के बाद 16 जून से नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो जाएगा। लेकिन बस्तर जिले के दर्जनों जर्जर शाला भवनों और सैकड़ों शौचालय विहिन स्कूलों में छात्र छात्राओं को पढ़ाई करनी पड़ेगी। बस्तर जिले में सरकारी स्कूलों की ऐसी दशा के बीच मिशनरी और अन्य समाजों के निजी स्कूलों की संख्या हर साल शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मे तेजी से बढ़ती जा रही है। सरकारी स्कूलों में बस्तर अंचल के आदिवासी और अन्य वर्ग के ▶▶|शेष पेज 7 पर




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आदि कैलाश यात्रा के लिए टूटा रिकॉर्ड

**पिथौरागढ़।** आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा शुरू होने के महज 40 दिनों के भीतर कुल



37,818 'इनर लाइन परमिट' जारी किए जा चुके हैं। यह संख्या पिछले साल जारी किए गए परमिट की कुल संख्या से भी अधिक है। चीन और नेपाल की सीमा से सटे इस संवेदनशील क्षेत्र में जाने के लिए प्रशासन द्वारा यह विशेष अनुमति पत्र जारी किया जाता है।

### ट्रक से 1.49 करोड़ का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**नागपुर।** नागपुर पुलिस ने ओडिशा से आ रहे एक ट्रक में स्टील कॉइल्स के नीचे छिपाकर रखा गया 150 किलोग्राम से ज़्यादा गांजा जब्त करके अंतर-राज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का पर्दाफ़ाश किया है। गांजे की कीमत 1.49 करोड़ रुपए आंकी गयी है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ़्तार किया गया है।

### सभी आठ श्रमिकों के शव परिवारों को सौंपे गए

**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र हादसे में मारे गए सभी आठ श्रमिकों का पोस्टमार्टम और



अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के 'स्टील मेल्ट शॉप-1' में पिघले हुए इस्पात की ढलाई के दौरान हुए विस्फोट और उसके बाद लगी आग में आठ श्रमिकों की मौत हो गई थी।

### नदी में नाव पलटने से दो महिलाएं डूबीं

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले के माजलगांव तहसील में बुधवार सुबह करीब 11 बजे श्रद्धालुओं से भरी एक नाव के गोदावरी नदी में पलट जाने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला की हालत गंभीर है। नाव चालक क्षमता से कहीं अधिक श्रद्धालुओं को लेकर भगवान पुरुषोत्तम को समर्पित एक प्रसिद्ध मंदिर 'पुरुषोत्तमपुरी' जा रहा था जो माजलगांव तहसील से लगभग 20 किलोमीटर दूर है।

### तमिल फिल्म निर्देशक भारतीराजा का निधन

**चेन्नई।** दिग्गज तमिल फिल्म निर्देशक, निर्माता और पटकथा लेखक भारतीराजा का बुधवार को



आयु संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। कहानी के चयन और उसके अनूठे प्रस्तुतीकरण के लिए पथप्रदर्शक माने जाने वाले अभिनेता-निर्देशक भारतीराजा का चेन्नई स्थित उनके आवास पर निधन हुआ। वह 84 वर्ष के थे।

## धान उगाना अभी किसानों के लिए अधिक फायदेमंद

# छग में लो लैंड, पानी भरता है, इसलिए धान का 'विकल्प' नहीं हो रहा सफल

*छत्तीसगढ़ सरकार खरीफ सीजन में धान के अलावा अन्य फसलों को प्रमोट करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है, यही कारण है कि एक साल पहले भी धान के बदले दलहन-तिलहन उगाने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि 11 हजार देने की घोषणा की गई थी, अब इसे बढ़ाकर 15 हजार रुपए एकड़ कर दिया गया है। इसके बाद भी किसान फसल बदलने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं हो पा रहे हैं। इसके पीछे फसल का अर्थशास्त्र, मानसूनी बारिश, और खेतों की संरचना है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

इसके साथ जुड़ा हुआ है प्राफिट का मसला छत्तीसगढ़ में ज्यादातर खेत धान के लिए तैयार किए गए हैं, यानी जमीन लो लैंड है। इसमें पानी भरता है। जो धान के लिए फायदेमंद है, लेकिन दलहन-तिलहन के लिए नहीं। राज्य में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जाता है। आमदनी अच्छी होती है और सदियों से छत्तीसगढ़ में धान की ही खेती की जाती है।

**ये है सरकार का फैसलाः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद् ने खरीफ-2026 से कृषक उन्नति योजना के नवीन स्वरूप को मंजूरी दी है। राज्य सरकार द्वारा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, किसानों की आय बढ़ाने तथा धान पर अत्यधिक निर्भरता कम करने के उद्देश्य से धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसलें लेने वाले किसानों एवं दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी तथा कपास की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपये की आदान सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

**फसलचक्र में बदलाव राज्य के व्यापक हित में है**



### खेतों की संरचना है असली वजह

राज्य में खेती के जानकारों का कहना है कि सरकार फसल चक्र में बदलाव की जो कोशिश कर रही है, निश्चित ही वह राज्य और किसानों के व्यापक हित में होने के साथ एक दूरदर्शी योजना भी है। लेकिन सरकार के इस कदम के साथ कदम मिलाने में किसानों को उनकी जमीन या खेत की सरंचना आड़े आती है। राज्य के मैदानी एवं धान उत्पादक जिलों में जो खेत है वह मूल रूप से धान की पैदावार के हिसाब से सदियों से बनी हुई है, कृषि जानकारों की भाषा में इसे लो-लैंड कहा जाता है। इसके साथ ही खेतों में चारों तरफ मेड बनाई जाती है। बारिश होने पर खेतों में पानी आता है और जमा हो जाता है। सिंचित क्षेत्रों में भी एक खेत में पानी भरने के बाद दूसरे में जाता है। जमा हुए पानी में केवल और केवल धान की फसल ही लग सकती है।

### क्या कहता है धान की खेती का अर्थ शास्त्र

राज्य में सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदती है, एमएसपी और प्रोत्साहन राशि मिलाकर किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल राशि मिलती है। इस हिसाब से किसानों को प्रति एकड़ 65 हजार 100 रुपए मिलते हैं। लेकिन दलहन-तिलहन की फसल में इतनी राशि नहीं मिलती है। इसके साथ ही धान के मुकाबले किसान दलहन-तिलहन में अधिक जोखिम पाते हैं।

### पिछले साल के मुकाबले राशि बढ़ी है 4 हजार

खास बात ये है कि राज्य सरकार ने पिछले साल भी धान के बदले दलहन तिलहन की खेती करने पर 11 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की थी। इस साल यह राशि बढ़ाकर 15 हजार रुपए की गई है। लेकिन पिछले साल बहुत कम किसानों ने दलहन-तिलहन की ओर रुख किया था। इस बार सरकार के मुताबिक दलहन तिलहन उगाने पर प्रति एकड़ 15 हजार रुपए दिए जाएंगे। यह केवल उन्ही किसानों के लिए होगा जिन्होंने पिछले सीजन में धान बोया था। कृषि अधिकारियों के मुताबिक 15 हजार रुपए देने की योजना केवल वर्ष 2027 के लिए है। अगले साल फिर 10 हजार रुपए ही दिए जाएंगे। इन हालात में सवाल ये खड़ा होता है कि किसान एक साल के लिए अपनी फसल क्यों और कैसे बदलेंगे।

## शिक्षा में थोक में तबादले रायपुर सहित 15 जिला शिक्षा अधिकारी बदले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षा विभाग में बुधवार को बड़ा उलटफेर हुआ। राजधानी रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित प्रदेश के 15 जिलों के शिक्षा अधिकारियों का तबदला कर दिया गया है। डीईओ सहित 28 अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने बुधवार देर शाम यह सूची जारी की है। रायपुर के वर्तमान डीईओ हिमांशु भारतीय को डीपीआई का उप संचालक नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर एमजी सतीश रायपुर के नए जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। यह बदलाव नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के मात्र एक सप्ताह पूर्व किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, प्रशासनिक कसावट और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्यभर में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल किए गए हैं।जिला शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, सहायक संचालकों एवं प्राचार्यों को विभिन्न जिलों और कार्यालयों में नई ▶▶|शेष पेज 7 पर

- डीईओ सहित राज्य में 18 अधिकारियों के तबादले

### जानिए... किसे, कहां का प्रभार

- हिमांशु भारतीय- उप संचालक, डीपीआई
- हिमांशु मिश्रा-उप संचालक, डीपीआई
- के.वेंकट राव-उप संचालक, दुर्ग शिक्षा संभाग
- नवीन यादव- सहायक संचालक, डीपीआई
- सतीश माहेश्वरी-सहायक संचालक, डीपीआई
- रमाकांत देवांगन-सहायक संचालक, डीपीआई
- एसएस कोमरे-सहायक संचालक, डीपीआई
- लखनलाल धनेलिया- सहायक संचालक, बस्तर शिक्षा संभाग
- आरपी मिरे-डीपीआई डायरेक्टर के विकल्प पर
- जगजीत धीर- डीपीआई डायरेक्टर के विकल्प पर
- अशोक पटेल-डीपीआई डायरेक्टर के विकल्प पर
- इंदिरा गांधी-सहायक जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा रायपुर ▶▶|शेष पेज 7 पर

## खालिस्तान नेशनल आर्मी की धमकी

# आरएसएस, सीएम दफ्तर को बम से उड़ाने की धमकी



एजेंसी ▶▶| मुंबई/अहमदाबाद

गुजरात और महाराष्ट्र के कई प्रमुख स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। फिलहाल, सुरक्षा एजेंसियां छानबीन में जुटी हैं। महाराष्ट्र और गुजरात के इन जगहों में आरएसएस मुख्यालय, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की बिल्डिंग, मुख्यमंत्री कार्यालय,बॉम्बे हाईकोर्ट बिल्डिंग और मुंबई-पुणे के मेयर ऑफिस, अहमदाबाद नगर निगम मुख्यालय शामिल हैं। ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। दोनों राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ईमेल खालिस्तान नेशनल आर्मी बताने वाले ग्रुप की ओर से भेजे गए थे। इसके बाद कई इमारतें खाली कराई गईं और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के मुताबिक कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

### पुणे में इमारत खाली कराई गई

पुणे में नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन और मेयर कार्यालय को भी बम धमाके की धमकी वाला ईमेल मिला। इसके बाद इमारत खाली कराई गई और बम निरोधक दस्ते ने पूरे परिसर की तलाशी ली। हालांकि ये धमकी फर्जी निकली।

### ईमेल में बदला लेने जैसी बातें

ईमेल में दावा किया गया कि आरएसएस ने 1984 के ऑपरेशन ब्लूस्टार और ऑपरेशन वुडरोज का समर्थन किया था। इसमें बदला लेने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक का अंत करने जैसी बातें भी लिखी गई थीं। इसके बाद पुणे नगर निगम परिसर में अगले आदेश तक आम लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी गई। मुंबई और पुणे के नागरिक मुख्यालयों व मेयर कार्यालयों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ईमेल भेजने वाले की पहचान और सोर्स का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने लोगों से घबराने की जरूरत नहीं बताई।

### निश्चित समय में विस्फोट की धमकी

अधिकारियों ने बताया कि गुजरात में सरकारी आईडी पर प्राप्त इस ईमेल में दावा किया गया है कि निश्चित समय पर विस्फोट किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को अपराह्न 1:11 बजे, अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) मुख्यालय को अपराह्न 3:11 बजे तथा शहर के मणिनगर क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय को शाम 5:11 बजे निशाना बनाने की बात ईमेल में कही गई है।

## प्रदीप सोनी हत्याकांड

# मुख्य शूटर सहित फरार तीन आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पेंड्रा

हरिभूमि फॉलोअप

जिले के बहुचर्चित सराफा व्यापारी प्रदीप सोनी हत्याकांड मामले में पुलिस ने मुख्य शूटर सहित तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात में शामिल मास्टरमाइंड सहित चार आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सभी सात आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार, लूटा गया सोना-चांदी, वाहन और अन्य सामग्री भी बरामद की है। मामले का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अविनाश ▶▶|शेष पेज 7 पर



### बिहार-झारखंड से पकड़े गए

आरोपी राहुल को जिला बांका (बिहार) से, आरोपी राजू को कठचातर, रजौन बिहार से, और आरोपी संतोष दास को जिला गोड्डा (झारखण्ड) से पकड़ा गया है। आरोपी राहुल के कब्जे ▶▶|शेष पेज 7 पर

## राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी, पीएमओ ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** राम मंदिर में दान राशि के कथित गबन के आरोप का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। अयोध्या राम मंदिर में आए चढ़ावे में 7 करोड़ रुपए की चोरी के दावे पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को राम मंदिर ट्रस्ट से रिपोर्ट मांगी है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने मंगलवार को प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर सीबीआई से जांच की मांग की थी। इस बीच, मामले में जांच प्रक्रिया के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि रिपोर्ट के आधार पर मंदिर प्रबंधन और व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी।

## जामनगर में बनेगा 168 मेगावाट का डेटा सेंटर

# भारत का पहला एआई डेटा सेंटर बनाएगी रिलायंस-मेटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और मेटा प्लेटफॉर्म्स ने गुजरात के जामनगर में 168 मेगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर विकसित करने के लिए साझेदारी की है। इसे दो वर्षों के भीतर तैयार किया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को जारी एक संयुक्त बयान में दी गई।

### जुकरबर्ग बोले- हमें गर्व

मेटा के फाउंडर और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा, हमें भारत में अपना पहला एआई-इनेबल्ड डेटा सेंटर बनाने के लिए रिलायंस के साथ काम करने पर गर्व है। जामनगर की यह वर्ल्ड-क्लास फैसिलिटी हमें ग्लोबल लेवल पर अपने एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने और भारत की इकोनॉमी में हमारे लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट को गहरा करने में मदद करेगी।

## सांसदों की लिस्ट आई सामने, सुष्मिता ने भी छोड़ा साथ

# टीएमसी के बागी सांसदों में शत्रुघ्न, पठान का भी नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि फॉलोअप

ममता बनर्जी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। विधायकों के बाद अब बड़ी संख्या में सांसद भी बागी हो गए हैं। ऐसे ही 19 सांसदों की लिस्ट सामने आई है, जिनमें अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है। बताया जा रहा है कि इन सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को हस्ताक्षर करके एक पत्र सौंपा है। हालांकि इस संबंध में पार्टी की ओर से आधिकारिक पुष्टि ▶▶|शेष पेज 7 पर



### कांग्रेस में करें टीएमसी का विलय, ऋतब्रत बोले- ऐसा नहीं होने देंगे

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को खत्म करने की कगार पर पहुंचा दिया है। ममता बेनर्जी के 80 विधायकों में से 58 विधायकों ने अपना अलग गुट तैयार कर लिया और उसके बाद दिल्ली में भी करीब 20 सांसद टीएमसी से अलग हो गए। इस ▶▶| शेष पेज 7 पर

**ये सांसद हुए बागी**

- काकोली घोष
- जगदीश चंद्र बसुनिया
- खलीलुर रहमान
- यूसुफ पठान
- अबू ताहिर खान
- पार्थ भौमिक
- बापी हलदार
- सायोनी घोष
- माला रॉय
- मिताली बाग
- दीपक अधिकारी
- कालीपद सोरेन (झाड़ग्राम)
- जून मालिया
- अरूप चक्रवर्ती
- डॉ. शर्मिला सरकार
- शत्रुघ्न सिन्हा (आसनसोल)
- असित कुमार माल (बोलपुर)
- शताब्दी रॉय (बीरभूम)
- रचना बनर्जी (हुगली)




**ये सांसद अब भी ममता के साथ**

- महुआ मोइत्रा (कृष्णानगर)
- सौगात रॉय (दम-दम)
- प्रतिमा मंडल (जयनगर)
- अभिषेक बनर्जी (डायमंड हार्बर)
- सुदीप बंदोपाध्याय (कोलकाता उत्तर)
- प्रसून बनर्जी (हावड़ा)
- सजदा अहमद (उलूबेरिया)
- कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर)
- कीर्ति आजाद (बर्धमान-दुर्गापुर)

## पीएम पद पर लगातार 4,399 दिन पूरे कर नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ने पर विश्वभर के नेताओं ने दी बधाई

# मेलोनी ने पीएम मोदी को दी बधाई, 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का किया जिक्र, दुनिया के दिग्गजों ने बताया दोस्त और मार्गदर्शक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़कर भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री का दर्जा हासिल किया है। इस मौके पर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने बुधवार को पीएम मोदी को बधाई दी।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम पद पर लगातार 4,399 दिन पूरे कर लिए हैं और इस तरह चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर नेहरू के कार्यकाल का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। 2014 में पहली बार पद संभालने के बाद से वे लगातार सेवा कर रहे हैं। इटली की नेता ने प्रधानमंत्री मोदी की हालिया इटली यात्रा को भी याद किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बातचीत की थी और सहयोग के लिए एक नया फ्रेमवर्क शुरू किया था। मेलोनी ने लिखा, नरेंद्र मोदी को बधाई, जो आज भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बन गए हैं। उन्होंने आगे कहा, हाल के हफ्तों में रोम में फिर से मिलना और मिलकर एक 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' (विशेष रणनीतिक साझेदारी) शुरू करना खुशी की बात रही है।

**मेलोनी ने कहा कि पीएम मोदी ने इतिहास रच दिया है**



पीएम मोदी की इटली यात्रा के दौरान की तस्वीर

यह साझेदारी भविष्य की ओर देखते हुए हमारे देशों और हमारे लोगों के लिए नए अवसर पैदा करने पर केंद्रित है।

प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छे संबंध रखने वाली मेलोनी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उन्हें बधाई दी। दोनों नेताओं ने अक्सर सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींचा है। उनकी दोस्ताना बातचीत ने इंटरनेट यूजर्स के बीच लोकप्रिय मेलोडी निकनेम को जन्म दिया है।

### भूटान के पीएम ने मुलाकात को याद कर कहा

## पीएम मोदी मेरे दोस्त, भाई और मार्गदर्शक

भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग टोबगे ने प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी को एक भावुक पत्र लिखकर शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपना दोस्त, भाई और मार्गदर्शक बताया। टोबगे ने एक्स पर साझा किए गए अपने पत्र में कहा कि यह भारत के लिए ऐतिहासिक महत्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने परिवर्तन और विकास के एक नए दौर का अनुभव किया है। त्शेरिंग टोबगे ने बताया कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी से पहली मुलाकात 2014 में हुई थी। तब से दोनों नेताओं के बीच लगातार बातचीत और सहयोग बढ़ा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत केवल विकास परियोजनाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि समाज और लोगों के लिए नए अवसरों पर भी चर्चा होती रही है। अपनी चिट्ठी में उन्होंने लिखा कि सच्ची दोस्ती विश्वास, सम्मान और आपसी समझ पर आधारित होती है। यही गुण उनके और प्रधानमंत्री मोदी के संबंधों की पहचान हैं और यही भारत-भूटान की मजबूत एवं स्थायी साझेदारी की नींव भी हैं।

## असाधारण नेतृत्व के धनी अमेरिकी राजदूत बोले

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस



ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पीएम मोदी का सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनना, उनके दशकों लंबे समर्पित सार्वजनिक जीवन और असाधारण नेतृत्व क्षमता का एक सशक्त प्रमाण है।

---

## खबर संक्षेप

### नई शिक्षा नीति मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री



डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भारत की शिक्षा व्यवस्था में अब तक के सबसे परिवर्तनकारी सुधारों में से एक है और इसे मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में गिना जाएगा। वीक एजुकेशन कॉन्क्लेव-2026 को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति ने छात्रों को उनकी रुचि, योग्यता और आकांक्षाओं के अनुरूप शिक्षा प्राप्त करने की स्वतंत्रता प्रदान की है।

### कॉकरोच जनता पार्टी आज करेगी पुणे में प्रदर्शन

पुणे। नई दिल्ली में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने कहा है कि अगर मंत्री पद नहीं छोड़ते हैं, तो 20 जून से जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना शुरू किया जाएगा। पार्टी का कहना है कि यह धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक जवाबदेही तय नहीं होती। सीजेपी ने बुधवार को जारी बयान में देश के अलग-अलग शहरों में विरोध प्रदर्शन करने का भी ऐलान किया। इसकी शुरुआत 11 जून को पुणे से होगी। इसके बाद लखनऊ, अमृतसर, बेंगलुरु, जयपुर और हैदराबाद में भी प्रदर्शन किए जाएंगे।

### संशोधित-पाक में भारत के नए प्रभारी राजदूत बने डॉ. सत्यांजल पांडे

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। भारतीय राजनयिक डॉ.सत्यांजल पांडे को पाकिस्तान में भारत के नए प्रभारी राजदूत (चार्ज डी अफेयर्स) के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वह भारत के निकट पड़ोसी द्वीपीय देश श्रीलंका में देश के उप-उच्चायुक्त के रूप में अपना दायित्व संभाल रहे थे। बताते चलें कि डॉ.पांडे वर्ष 2008 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी हैं। अपने डेढ़ दशक से अधिक लंबे राजनयिक करियर में उन्होंने विदेश मंत्रालय के साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय मिशन में भारत के कूटनीतिक प्रतिनिधि के रूप में नेतृत्व किया है।

---

### निर्वाचन अधिकारी के फैसले को बताया, 'संविधान एवं गणतंत्र विरोधी'

# मीनाक्षी का नामांकन विवाद, शिकायत लेकर निर्वाचन आयोग पहुंची कांग्रेस

*कांग्रेस ने मध्य प्रदेश से अपनी राज्यसभा उम्मीदवार का नामांकन खारिज किए जाने के खिलाफ बुधवार को निर्वाचन आयोग से शिकायत की और आग्रह किया कि निर्वाचन अधिकारी (आरओ) के 'संविधान एवं गणतंत्र विरोधी'फैसले को तत्काल निरस्त किया जाए। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग पहुंचकर इस मामले में पार्टी का पक्ष रखा और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो अन्य आयुक्तों को ज्ञापन भी सौंपा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग कांग्रेस की आपत्तियों को लेकर कानूनी सलाह ले रहा है। आयोग जल्द ही इस मुद्दे को लेकर फैसला लेगा। कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव जयराम रमेश, भूपेश बघेल, रणदीप सुरजेवाला और वरिष्ठ नेता दीपा दासमुंशी, विवेक तन्खा एवं अभिषेक सिंघवी शामिल थे। इसमें खुद नटराजन भी मौजूद थीं। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, 'हमने भारत निर्वाचन आयोग के साथ विस्तार से चर्चा की और तथ्य व आंकड़े रखे।' वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा, 'हमारे प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग के सामने विस्तृत रूप से अपने मुद्दे रखे हैं। मीनाक्षी नटराजन जी के मामले में आरओ का फैसला विकृत है, कानूनी रूप से गलत है, जिसका समर्थन नहीं किया जा सकता।' उनका कहना था कि निर्वावन अधिकारी ने जिस आधार पर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द कर दिया, वह आधार कानूनी रूप से सही नहीं हैं।

*हालिया फैसले को तत्काल निरस्त करने की मांग की*



#### नामांकन रद्द करने पर सवाल

कांग्रेस नेता सिंघवी ने कहा, 'ऐसा कोई आपराधिक मामला नहीं है, जिसका मीनाक्षी जी खुलासा कर सकती थीं। अदालत से एक नोटिस आया, जिसमें मीनाक्षी जी से कहा गया कि आप आकर हमें बताइए कि हम इस मामले का संज्ञान लें या नहीं।" सिंघवी ने कहा, 'कानून के पहली कक्षा के विद्यार्थी को भी पता होता है कि मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेना एक प्राथमिक चरण होता है और उसमें यह फैसला किया जाता है कि यह मामला आगे चलना चाहिए या नहीं। बिना संज्ञान के कोई भी आपराधिक मामला जन्म ही नहीं लेता है।"

#### सिंघवी ने उठाए सवाल

कांग्रेस नेता ने कहा, 'मजे की बात यह है कि चुनाव आयोग के कानून में स्पष्ट लिखा है कि आपको सिर्फ वह खुलासा करना है, जिसमें अपराध अगर सिद्ध हो तो सजा दो साल से ज्यादा हो और जिसमें आरोप तय हो चुके हैं। इसे देखने का उत्तरदायित्व आरओ का होता है।" सिंघवी ने कहा, 'इस मामले में मजिस्ट्रेट ने संज्ञान नहीं लिया है। व्यवस्था यह है कि मीनाक्षी को सुनने के बाद मजिस्ट्रेट संज्ञान लेंगे, उसके बाद जांच होगी और फिर आरोप पत्र तैयार होगा। यानी इस मामले में आगे के तीन चरण बचे हैं।

#### क्यों रद्द हुआ नामांकन?

शपथपत्र में जानकारी छुपाने के आरोप में कांग्रेस की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन मंगलवार को रद्द कर दिया गया। मध्यप्रदेश विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार महेश केवट ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि नटराजन ने जानबूझकर अपने खिलाफ तेलंगाना में दर्ज एक मुकदमे का अपने शपथ पत्र में कोई उल्लेख नहीं किया है। उन्होंने कहा था कि इसे लेकर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया। मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीन सीट के लिए 18 जून को मतदान होना है।

---

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाले आशुतोष पलटे

# रामभद्राचार्य के शिष्यों के दबाव में शंकराचार्य पर कराई फर्जी एफआईआर

**बोले- साजिश में कई अफसर शामिल**







एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर बटुकों के यौन शोषण का आरोप लगाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी अब अपने ही बयान से पलट गए हैं। उनका कहना है कि उन्होंने शंकराचार्य के ऊपर फर्जी मुकदमा दायर कराया था। ये केस उन्होंने रामचंद्र दास के कहने पर किया था। उन्होंने इसमें कई अधिकारियों के शामिल होने का भी आरोप लगाया है। ये कबूलनामा उन्होंने एक वीडियो जारी कर किया है।

आशुतोष ब्रह्मचारी ने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि उनके ही गुरुभाई रामचंद्र दास ने गुरु की हत्या करवाने का षड्यंत्र रचा। उन्होंने ही स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर फर्जी मुकदमा दायर करवाने की साजिश रची। शंकराचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने का दबाव भी उन पर रामचंद्र ने ही डाला था। आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि रामचंद्र दास ने उनको गुमराह कर अविमुक्तेश्वरानंद पर मुकदमा दर्ज करवाया था। इसे लेकर उन्होंने एसएसपी मथुरा को एक शिकायत पत्र भेजा है।

#### अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ षड्यंत्र का खुलासा

आशुतोष महाराज ने कहा कि वह बहुत ही जल्द इस बात का भी खुलासा करेंगे कि आखिर क्यों अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ ये सब करवाया गया। उनके पास पूरी चैट मौजूद है। इस चैट में मुकदमा करने से लेकर वसीयत बनाने तक की हर एक बात मौजूद है। आशुतोष ने आरोप लगाया कि रामचंद्र की प्लानिंग दो आश्रम हथियाने की थी।

#### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर क्या है आरोप?

प्रयागराज माघ मेले के दौरान शुरू हुए विवाद के बाद तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने बटुकों का यौन उत्पीड़न का आरोप अविमुक्तेश्वरानंद पर लगाया था। जिसके बाद 8 फरवरी को प्रयागराज की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। पॉक्सो कोर्ट के स्पेशल जज विनोद कुमार चौरसिया ने 21 फरवरी को सुनवाई पूरी होने के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद समेत अन्य लोगों के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया था।

---

# आज कांग्रेस का महामंथन देशभर के वरिष्ठ कांग्रेसियों का रहेगा जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवों, राज्य प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की



एक महत्वपूर्ण बैठक आज गुरुवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आहूत की जाएगी। कांग्रेस संगठन महासचिव, संगठन, केसी वेणुगोपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रमों और संगठनात्मक मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए यह बैठक बुलाई गई है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में देश के विभिन्न राज्यों की राजनीतिक स्थिति, आगामी चुनावी चुनौतियों, विपक्षी गठबंधन की रणनीति तथा संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

#### पार्टी की रणनीति पर चर्चा

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों से उनके-अपने राज्यों की राजनीतिक रिपोर्ट भी मांगी जा सकती है। साथ ही संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियानों, बूथ स्तर की मजबूती और विभिन्न राज्यों में पार्टी की रणनीति पर भी चर्चा होने की संभावना है। कांग्रेस नेतृत्व पिछले कुछ समय से राज्यों में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रहा है।

---

### फिलीपीन हादसा

# भूकंप के बाद बढ़ी तबाही 45 मरे, हजारों विस्थापित

एजेंसी ▶▶| जनरल सैंटोस (फिलीपीन)

दक्षिणी फिलीपीन के जनरल सैंटोस शहर में एक शक्तिशाली भूकंप के बाद आए झटकों ने बचाव कार्यों को और जटिल बना दिया। सोमवार को आए 7.8 तीव्रता वाले इस भूकंप में कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई और 17 लोग लापता हैं। बचावकर्मी हेलमेट पहनकर आंशिक रूप से ढहे हुए किराना स्टोर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, तभी एक और तेज झटका महसूस हुआ। सुरक्षा अधिकारी ने सीटी बजाकर और अन्य कर्मियों ने चिल्लाकर करीब 30 दमकलकर्मियों तथा तटरक्षक बल के जवानों को सुरक्षित स्थान पर जाने की चेतावनी दी, क्योंकि झुकी हुई तीन मंजिला इमारत से कंक्रीट का मलबा गिरने लगा था। जनरल सैंटोस देश का एक प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र और टूना मछली उद्योग की राजधानी माना जाता है। इस भूकंप ने दक्षिणी मिंदानाओ क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है।

- प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र है सैंटोस

---

# पीओके में पाकिस्तानी सेना का एमआई-17 हेलिकॉप्टर क्रैश सभी 21 लोगों की हुई मौत

*प्रदर्शनकारियों द्वारा मार गिराने का किया दावा*

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में भारी तनाव और विरोध प्रदर्शनों के बीच पाकिस्तानी सेना का एक एमआई-17 हेलिकॉप्टर मुजफ्फराबाद के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस दर्दनाक हादसे में हेलिकॉप्टर पर सवार सभी 21 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के जवान और अधिकारी शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग



इंटर-सर्विसेज़ पब्लिक रिलेशंस के मुताबिक, हेलीकॉप्टर उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी का शिकार हुआ। पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग (इमरजेंसी लैंडिंग) की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहा और हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया।शल मीडिया पर यह गंभीर दावा किया जा रहा है कि पीओके में उग्र प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सेना के इस हेलिकॉप्टर को मार गिराया है। इस दावे की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

---

### मीडिल ईस्ट जंग

# फिर बढ़ा तनाव, अमेरिका ईरान में हवाई हमले शुरू

एजेंसी ▶▶| दुबई

अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कुवैत, बहरीन और जॉर्डन को निशाना बनाने का दावा किया, जबकि कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने हमलावर मिसाइलों और ड्रोन को रोकने के लिए जवाबी कार्रवाई की। इस घटनाक्रम ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध में जारी नाजुक युद्धविराम और क्षेत्रीय स्थिरता पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। ईरान ने कहा कि उसने बुधवार सुबह अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में उक्त देशों को निशाना बनाया है। होर्मुज के समीप अमेरिकी सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अमेरिका ने ईरान पर हमले किए, जिसके बाद तेहरान ने इनका जवाब देने की चेतावनी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना के लिए ईरान को दोषी ठहराया है।

- क्षेत्रीय स्थिरता पर खड़े हुए नए सवाल

---

### ईयू ने दिया झटका, एक्सपोर्ट कंट्रोल के उपाय करेगा लागू

# रूस से संबंध के चलते संकट में भारत-चीन की 50 कंपनियां

## यूनियन ने की रूस पर 21वें प्रतिबंध पैकेज की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूरोपीय यूनियन ने भारत, चीन समेत दुनिया के कई देशों में स्थित 50 कंपनियों को झटका दिया है। ईयू ने यूक्रेन पर हमले के चलते रूस पर 21वें प्रतिबंध पैकेज की घोषणा की है। इन प्रतिबंधों ने अचानक इन आधा सैकड़ा कंपनियों के सामने संकट खड़ा कर दिया है। ईयू की ओर से ऐलान किया गया है कि वह भारत और अन्य देशों की उन 50 कंपनियों पर एक्सपोर्ट कंट्रोल के उपाय लागू करेगा, जो रूस की सेना के साथ सीधे कारोबार करती हैं।

#### भारत, चीन, तुर्की पर असर

यूरोपीय यूनियन के इस ऐलान का असर भारत और चीन के साथ ही किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात में स्थित कंपनियों पर पड़ेगा और इन पर निर्यात प्रतिबंध लगाए जाएंगे। ईयू ने ये फैसला रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाने के उद्देश्य से लिया है, लेकिन इससे सिर्फ रूस ही नहीं, तमाम देश प्रभावित होंगे। नई लिस्ट में ड्रोन निर्माण से जुड़ी कंपनियां भी शामिल हैं, जिनपर निर्यात प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।



#### तैयार हो रही सबसे बड़ी लिस्ट

प्रस्तावित 21वें प्रतिबंध पैकेज की घोषणा करते हुए यूरोपीय संघ की विदेश मामलों और सुरक्षा नीति की उच्च प्रतिनिधि काजा कल्लास ने कहा कि ये उपाय यूक्रेन में मॉस्को के सैन्य अभियान को वित्तपोषित करने और बनाए रखने की क्षमता पर लगाम लगाने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम धीरे-धीरे रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था की नींव को ध्वस्त करते जा रहे हैं, अब ब्रुसेल्स दो साल से अधिक समय में रूस पर प्रतिबंधों की सबसे बड़ी लिस्ट तैयार कर रहा है।'

#### निशाने पर रूस को समर्थन देने वाली कंपनियां

काजा कल्लास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर भी इन प्रतिबंधों से जुड़ी जानकारी शेयर की। इसमें उन्होंने कहा कि, 'हम रूस के सैन्य-औद्योगिक तंत्र को समर्थन देने वाली तमाम कंपनियों को भी निशाना बना रहे हैं। नई सूची में ड्रोन निर्माण क्षेत्र से जुड़ी 30 से अधिक संस्थाओं को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही 50 कंपनियों पर नए एक्सपोर्ट कंट्रोल उपाय लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम रूस की उत्पादन क्षमता को और बाधित करने के लिए अतिरिक्त निर्यात प्रतिबंध भी लगाएंगे। इनमें निकेल पाउडर, धातुएं और हाई परफॉर्मेंस मिश्रधातुएं शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ नई वस्तुओं के आयात पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा, जिनमें ऑटो पार्ट्स, कई कीमती धातुओं के अयस्क और रसायन शामिल होंगे।

---

### महामारी रोकथाम की दिशा में बड़ी उपलब्धि

# विश्व के पहले एआई-डिज़ाइन टीके का मानव परीक्षण

एजेंसी ▶▶| एडिनबरा (ब्रिटेन)

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से नए प्रकार का एक टीका विकसित किया है, जिसका मुख्य घटक पूरी तरह एआई ने डिज़ाइन किया है। इस टीके का पहली बार मनुष्यों पर परीक्षण किया गया है और इसे भविष्य की महामारियों से बचाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक कदम माना जा रहा है। अनुसंधानकर्ताओं का लक्ष्य एक ऐसा 'ब्रॉड-स्पेक्ट्रम' टीका विकसित करना है, जो केवल एक वायरस या उसके किसी एक स्वरूप तक सीमित न होकर पूरे वायरस परिवार के खिलाफ सुरक्षा दे सके। इसका उद्देश्य न केवल सभी ज्ञात कोरोना वायरस स्वरूपों से बचाव करना है, बल्कि ऐसे संबंधित बैट (चमगादड़) वायरसों से भी सुरक्षा देना है।

#### यह कहा वैज्ञानिकों ने

वैज्ञानिकों का कहना है कि एक सार्वभौमिक टीका बनाने में अभी कुछ साल और लगेंगे, लेकिन यह अध्ययन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेषज्ञ मानते हैं कि एआई तकनीक टीका विकास की गति और दायरे को पूरी तरह बदल सकती है तथा भविष्य की महामारियों से निपटने में अहम भूमिका निभा सकती है।

पारदर्शिता, विश्वास और अवसर

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक 2026

## अब एकरूप, सरल और सम्मिलित भर्ती प्रक्रिया

सभी शासकीय विभागों के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा

युवाओं के लिए बढ़ेंगे शासकीय सेवा के अवसर

न्यायपूर्ण चयन प्रक्रिया से योग्यता को मिलेगा सही सम्मान





श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

हमसे जुड़ने के लिए
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
सुशासन से समृद्धि की ओर
ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

## चिंतन

# कांग्रेस सावधान रहती तो नहीं होती फजीहत

मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होना कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका तो है ही, लेकिन एक अहम सबक भी है जो उन्हें इस गलती से लेना चाहिए। कांग्रेस ने चुनाव आयोग के सामने मीनाक्षी नटराजन से जुड़े तेलंगाना के मामले में व्यापक तथ्य रखे, साथ ही दावा किया कि इस स्तर पर मुकदमे को शपथ पत्र में देना जरूरी नहीं होता। हो सकता है कांग्रेस सच बोल रही हो, लेकिन तथ्य यह भी हो सकता है कि मीनक्षी ने जानबूझकर इसे छुपाया है। मध्यप्रदेश के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने नामांकन रद्द करने का फैसला इसी आधार पर लिया है। एमपी में कांग्रेस खासकर राहुल गांधी के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। चूंकि यहां कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को नजरअंदाज कर मीनाक्षी को उतारा गया था। कहा जा रहा है कि पार्टी के भीतर से ही कुछ लोगों ने शपथ पत्र में कथित कमी की जानकारी भाजपा तक पहुंचाई। यदि इसमें जरा भी सच्चाई है, तो यह कांग्रेस के लिए सबसे गंभीर चेतावनी है। किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठनात्मक अनुशासन और आपसी विश्वास होता है। जब अंदरखाने असंतोष और अविश्वास बढ़ने लगे, तो विपक्ष को हमला करने का अवसर मिल जाता है। इसके बाद भाजपा ने सवाल उठाए और नामांकन रद्द कर दिया गया। आरओ ने कांग्रेस को इस आपत्ति पर जवाब देने के लिए समय भी दिया है। बहरहाल, जब मामला प्रतिष्ठा से जुड़ा हो तो पार्टियों को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। कांग्रेस के पास तो बहुत बड़ी लीगल टीम है। जो अब चुनाव आयोग के सामने तर्क दे रही है, लेकिन यह टीम नामांकन से पहले ही सभी तथ्यों की सभी तरीके से पड़ताल कर लेती तो अब दिक्कत नहीं होती। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कांग्रेस के भीतर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के विधायक लगातार क्रॉस वोटिंग करते दिखाई देते हैं। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस को यही डर सता रहा है। कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले अपने घर को ठीक करना चाहिए। अपनी कमजोरी पर पार पाए बिना वह भाजपा जैसी चतुर राजनीतिक टीम के सामने टिक पाएगी, यह कहना मुश्किल है। हालांकि मामला अभी चुनाव आयोग में लंबित है, लेकिन फैसला जो भी हो कांग्रेस सावधानी बरतती तो उसकी इस तरह से फजीहत नहीं होती। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि तेलंगाना से जुड़े जिस मामले को लेकर विवाद खड़ा हुआ, वह अभी प्रारंभिक अवस्था में था और उसे शपथ पत्र में दर्ज करना कानूनी रूप से आवश्यक नहीं था। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कानूनी विशेषज्ञों ने चुनाव आयोग के सामने यही तर्क रखा है। चुनावी राजनीति में कई बार तकनीकी त्रुटियां भी बड़े राजनीतिक संकट में बदल जाती हैं और विपक्ष इन्हें तुरंत मुद्दा बना लेता है। भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत उसकी तैयारी और आक्रामक रणनीति मानी जाती है। वह विपक्ष की छोटी से छोटी कमजोरी को भी बड़ा मुद्दा बनाने में देर नहीं करती। कांग्रेस यदि अब भी केवल भाजपा पर आरोप लगाने तक सीमित रहती है, तो यह उसकी रणनीतिक कमजोरी को ही दर्शाएगा। अंततः इस पूरे प्रकरण से कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि राजनीति में लापरवाही की कोई जगह नहीं होती। चुनावी दस्तावेजों की एक छोटी कमी भी बड़े संकट में बदल सकती है। यदि कांग्रेस नामांकन से पहले पूरी कानूनी और तथ्यात्मक सावधानी बरतती, तो आज उसकी इस तरह सार्वजनिक फजीहत नहीं होती।

## सारा संसार



अरब सागर के पानी से घिरा हुआ 'कोलाबा किला या अलीबाग फोर्ट' अलीबाग का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल और महाराष्ट्र का प्रमुख किला है। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध किले में शामिल कोलाबा फोर्ट एक 300 साल पुराना किला है, जो कभी शिवाजी महाराज के शासन के दौरान मुख्य नौसेना स्टेशन था।

## राष्ट्र सेवा

कैप्टन अभिमन्यु



# नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों का कालखंड भारतीय इतिहास में विकास, सुशासन, राष्ट्रीय गौरव और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करने वाला स्वर्णिम अध्याय बन गया है। वर्ष 2014 में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ प्रारंभ हुई यह यात्रा आज विकसित भारत के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इन 12 वर्षों में भारत ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं, जिन्होंने देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्व पटल पर प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर राष्ट्रीय एकता को नई मजबूती प्रदान की गई। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ, जिसने देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को नई ऊर्जा दी। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीकी क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया। आज यूपीआई, डिजिटल भुगतान और ई-गवर्नेंस के माध्यम से भारत दुनिया के अग्रणी डिजिटल देशों में शामिल हो चुका है। जन धन योजना, आधार और मोबाइल के त्रिशक्ति मॉडल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय समावेशन से जोड़ा। गरीब, किसान, महिला और युवा कल्याण को केंद्र में रखते हुए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के घर मिले, उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। स्वच्छ भारत मिशन ने जन आंदोलन का रूप लेकर देशभर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई। जल जीवन मिशन के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाया गया। वहीं, हर घर बिजली, हर घर शौचालय और हर घर बैंक खाता जैसे संकल्प धरातल पर साकार हुए। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को उत्पादन, नवाचार और रोजगार के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना और पीएम विश्वकर्मा जैसी पहलों ने उद्यमिता को नई पहचान दी। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाते हुए भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन को अभूतपूर्व गति दी। विदेश नीति के क्षेत्र में भी भारत ने नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका तथा "वसुधैव कुटुम्बकम्" के संदेश ने विश्व समुदाय में भारत की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। यह यात्रा केवल सरकार के कार्यकाल की कहानी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के सपनों, विश्वास और सामूहिक प्रयासों की गाथा है। 4399 दिनों की यह उपलब्धि राष्ट्र प्रथम की भावना, सेवा, सुशासन और समर्पण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मविश्वास, सुरक्षा, विकास और विश्वगौरव के नए युग में प्रवेश कर चुका है। संकल्प से सिद्धि तक, सेवा से समृद्धि तक- यही है नए भारत की पहचान।

( लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# विकसित भारत की यात्रा का स्वर्णिम कालखंड



केंद्र के 12 वर्ष

विष्णु देव साय

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा के 12 वर्ष पूरे होना उस परिवर्तनकारी कालखंड का प्रतीक है, जिसने देश की दशा और दिशा को बदला है। वर्ष 2014 में देश ने एक ऐसे नेतृत्व पर विश्वास जताया, जिसने शासन को सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा का संकल्प माना। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि इन 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है।

प्रधानमंत्री जी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को केवल नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे शासन की कार्यसंस्कृति बनाया। जन-धन योजना ने गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा, आधार और मोबाइल की जैम ट्रिनिटी ने सरकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाया और डीबीटी ने लाभ सीधे हितग्राहियों के खाते तक पहुंचाया। इससे भ्रष्टाचार और बिचौलिया व्यवस्था पर प्रभावी रोक लगी। शासन पहली बार सचमुच अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचा।

गरीब कल्याण इस दौर की सबसे बड़ी पहचान रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर दिया। उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई। आयुष्मान भारत ने गरीब परिवारों को महंगे इलाज की चिंता से राहत दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने अन्नदाताओं को सीधी आर्थिक सहायता दी। ये योजनाएं केवल सरकारी घोषणाएं नहीं रहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का आधार बनीं।

इन 12 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने भी नई शक्ति प्राप्त की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को केवल उपभोक्ता बाजार नहीं रहने दिया, बल्कि उत्पादन, नवाचार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा दी। मोबाइल निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, सेमीकंडक्टर, फार्मा और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। डिजिटल इंडिया ने भारत की शासन व्यवस्था और नागरिक जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को आम आदमी के जीवन का हिस्सा बना दिया है। गांवों तक इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं की पहुंच ने शासन को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया है। कोविड काल में कोविन प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीकाकरण का सफल संचालन भारत की डिजिटल क्षमता का बड़ा उदाहरण रहा। आज भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी दुनिया के लिए मॉडल बन चुका है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी पिछले 12 वर्ष ऐतिहासिक रहे हैं। आधुनिक राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत ट्रेनें, नए एयरपोर्ट, मेट्रो नेटवर्क, अमृत भारत स्टेशन और बेहतर लॉजिस्टिक्स ने देश की गति बढ़ाई है। सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी ने भारत के उन क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है, जो लंबे समय तक उपेक्षित रहे थे। यही कनेक्टिविटी विकसित भारत की मजबूत रीढ़ बन रही है।



छत्तीसगढ़ में भी विकसित भारत के मोदी जी के सपनों को साकार करने हमारी सरकार मिशन मोड पर कार्य कर रही है। इसके लिए हमने विकसित छत्तीसगढ़ का विजन डाक्यूमेंट बनाया है और इसके लिए लघुकालीन, मध्यकालीन और दीर्घकालीन लक्ष्य रखे हैं। प्रदेश के अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 15 गुना बढ़ाकर 75 लाख करोड़ करने का लक्ष्य हमने रखा है। छत्तीसगढ़ में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में हमें मोदी जी की गारंटी पर जनादेश मिला। महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राही महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह देकर महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। पहली ही कैबिनेट में हमारी सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को मंजूरी देकर हमने अंत्योदय के मंत्र को चरितार्थ किया है। प्रदेश में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी हो रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। हमने मोदीजी की गारंटियों को पूरा कर राजनीतिक प्रतिबद्धता को ऊंचाई प्रदान की है।

आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई इस कालखंड की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। वर्षों तक देश के अनेक आदिवासी और वनांचल क्षेत्र नक्सली हिंसा, भय और पिछड़ेपन के चक्र में फंसे रहे। प्रधानमंत्री जी के साहसिक नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की सफल रणनीति के अनुसार डबल इंजन की सरकार में नक्सलवाद की जड़ों पर निर्णायक प्रहार हुआ। बस्तर, जिसे कभी नक्सल हिंसा के कारण जाना जाता था, आज विकास, विश्वास और बदलाव की नई पहचान बना रहा है। 31 मार्च 2026 तक माओवाद को समाप्त करने का संकल्प सरकार ने पूरा किया। जिन क्षेत्रों में कभी भय था, वहां अब स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा, मोबाइल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सेवा और सरकारी योजनाएं पहुंच रही हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट रही है, राष्ट्रहित सर्वोपरि और आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस। ऑपरेशन सिन्दूर ने दुनिया को यह संदेश दिया कि नया भारत अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं करता। सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक नीति ने देशवासियों के मन में नया विश्वास पैदा किया है। इस तरह आंतरिक और बाह्य दोनों मोर्चों पर मोदी जी की सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि रखकर काम किया है।

जनजातीय समाज के सम्मान और विकास को भी इन 12 वर्षों में राष्ट्रीय प्राथमिकता मिली है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि जनजातीय अस्मिता के सम्मान का ऐतिहासिक कदम है। पीएम जनमन योजना ने विशेष पिछड़ी जनजातियों की बस्तियों तक सड़क, बिजली, पानी, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का काम शुरू किया। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजातीय गांवों के समग्र विकास की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ जैसे जनजातीय बहुल राज्य में इन योजनाओं का प्रभाव विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश की बड़ी आबादी जनजातीय समाज से आती है। दूरस्थ अंचलों में रहने वाले परिवारों तक पहली बार योजनाएं व्यवस्थित रूप से पहुंच रही हैं। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में वनोपज, पर्यटन, कौशल विकास और स्थानीय उद्यमिता के माध्यम से आजीविका के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। यह विकास केवल सड़क और भवन का विकास नहीं है, बल्कि आत्मसम्मान, भागीदारी और भरोसे का विकास है।

महिला सशक्तिकरण भी मोदी सरकार के 12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धि रही है। उज्ज्वला, जन-धन, स्वच्छ भारत, जल जीवन मिशन और मातृशक्ति से जुड़ी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सरल बनाया। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के जरिये देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा देने का प्रयास हुआ। जब महिला सशक्त होती है, तो परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों मजबूत होते हैं।

अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास और केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण परियोजना जैसे कार्यों ने विकास भी, विरासत भी की अवधारणा को साकार किया है। योग, आयुर्वेद और भारतीय परंपराओं को विश्व स्तर पर नई प्रतिष्ठा मिली है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सेवा, सुशासन और संकल्प के वर्ष रहे हैं। इन वर्षों ने यह सिद्ध किया है कि मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीति और जनभागीदारी से देश की दिशा बदली जा सकती है। गरीबी से मुक्ति, नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार, जनजातीय विकास, डिजिटल क्रांति, आधुनिक अवसंरचना और सांस्कृतिक आत्मविश्वास सबने मिलकर विकसित भारत की मजबूत नींव रखी है। आज भारत केवल आगे नहीं बढ़ रहा, बल्कि आत्मविश्वास के साथ दुनिया को दिशा भी दे रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है, कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा।

( लेखक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित

दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मादक पदार्थों का बढ़ता प्रकोप**

आए दिन हम सोशल मीडिया के माध्यम से सुनते है कि आज का युवा, जो कल देश का भविष्य है, वह धीरे-धीरे नशे की चपेट में आ गया है, जहां वह इन मादक पदार्थों का सेवन करके अपने मां-बाप, भाई-बहन की परवाह न करके आत्महत्या तक कर लेता है। हमारा देश एक युवा देश है जहां प्रतिभा से भरपूर युवा अपने सपने को साकार करने की सोच रखता है। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में युवा गाजा, चिट्टा जैसी मादक वस्तुओं का सेवन करके अपने जीवन को दाव पर लगा रहे हैं, जो कि चिंता का विषय है। वहीं दूसरी तरफ प्रशासन भी कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। यदि हमें आज के युवा को नशे के प्रकोप से बचाना है तो लोगों की सोच को बदलना होगा और प्रशासन को भी इस पर कड़ी नजर रखनी होगी।

*-अजय वर्मा, रायपुर*

## करंट अफेयर

# इबोला प्रभावित देशों से आने वालों पर पाबंदी लगाए यूरोप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन यूरोपीय देशों को अफ्रीका के इबोला प्रभावित देशों से यूरोप में आने वाले लोगों के लिए यात्रा पाबंदियां बढ़ाने की सलाह दे रहा हैं। ट्रंप प्रशासन ने यह संकेत भी दिया है कि ऐसा न करने पर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट समेत अन्य मौकों के लिए यूरोप से लोगों की यात्रा को लेकर अमेरिका के नियमों में सख्ती बरती जा सकती है।



विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मंगलवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को फोन करके अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और कांगो तथा युगांडा में इबोला फैलने पर अमेरिका और यूरोप के तालमेल एवं जवाबी प्रयासों पर चर्चा की। इसमें कहा गया, 'विदेश विभाग की सबसे बड़ी प्राथमिकता और ध्यान अमेरिकी लोगों की सेहत की रक्षा करना और इबोला का प्रकोप हमारे नजदीक तक पहुंचने से रोकने पर है।' विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका ने इस संक्रमण को फैलने से निपटने के लिए कदम बढ़ाया है और अब दुनिया को भी और कदम उठाने होंगे।' अधिकारी ने रूबियो और वॉन डेर लेयेन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बारे में नाम जाहिर नहीं होने की की शर्त पर जानकारी दी।

## ऑफ बीट

# होता कुछ है, देखते कुछ हैं हम भ्रम में

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम



अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है – छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

## ट्रेंड

### नए मानक स्थापित



पीएम नरेंद्र मोदी का नेतृत्व संकल्प से सिद्धि और सेवा से सुशासन तक की यात्रा का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मविश्वास, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए मानक स्थापित किए हैं।

-**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### भारत भाग्य विधाता



अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत की फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' उन बहादुर डॉक्टरों, नर्सों और हेल्थकेयर वर्कर्स के साहस, सेवा-भाव और कर्तव्य के प्रति समर्पण को दिखाती है, जिन्होंने 26/11 के आतंकी हमलों के दौरान मानवता की सेवा में खुद को समर्पित कर दिया था।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### फर्टिलाइज़र विरासत



असम की फर्टिलाइजर (खाद) विरासत को आगे बढ़ाने से लेकर उसके भविष्य को आकार देने तक, नामरूप एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। 10,601 करोड़ का नामरूप अमोनिया-यूरिया फर्टिलाइज़र कॉम्प्लेक्स खेती की उत्पादकता बढ़ाएगा।

- **हिमंत बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### विकास की गति



आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के साथ बहुत ही सार्थक बैठकें कीं। इन बैठकों का मकसद प्रधानमंत्री मोदी के विज़न के अनुरूप पश्चिम बंगाल के विकास की गति को तेज़ करना और राज्य की जनता तक प्रतीक्षित लाभ सीधे पहुंचाना था।

- **सुवेंदु अधिकारी**, सीएम, पश्चिम बंगाल

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# अल्फा में दिखा दमदार एक्शन अवतार ...



**मुंबई।** यश राज फिल्म्स की आने वाली स्पाई थ्रिलर फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर की शुरुआत बॉबी देओल और आलिया भट्ट से होती है। फिल्म में बॉबी, आलिया के पिता बने हैं। दोनों होटल आलिया भट्ट का 18वां जन्मदिन मनाते नजर आते हैं। इस बीच बॉबी आलिया को एक कार्ड देते हैं, जिसमें रूम का नंबर होता है, और कहते हैं कि ये उनका पहला मिशन है। इसके बाद आलिया का अलग अंदाज देखने को मिलता है। आलिया टीजर में काफी शानदार एक्शन और पॉवरफुल सीन करती नजर आती हैं। बॉबी आगे कहते नजर आते हैं कि आलिया ऐसे मिशन का हिस्सा हैं, जिन्हें अल्फा कहा जाता है। ये एक सीक्रेट मिशन होता है, जिसमें भारत के नेक्स्ट जेनरेशन के योद्धाओं को तैयार किया जाता है। टीजर जैसे-जैसे आगे बढ़ता है, फिल्म में और दमदार एक्शन सीन्स देखने को मिलते हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट, बॉबी देओल, शरवरी और अनिल कपूर जैसे बड़े सितारे नजर आने वाले हैं। अल्फा यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म है, जो एक नए जासूस की कहानी दिखाती है। फिल्म 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# कल इन फिल्मों का थिएटर्स में होगा महा-क्लैश, दिग्गज होंगे आमने-सामने

## हॉरर-रोमांस-पॉलिटिक्स और सस्पेंस के साथ छिड़ेगा घमासान

*नई दिल्ली। मनोरंजन जगत में 12 जून का वीकेंड इतिहास का सबसे व्यस्त और धमाकेदार वीकेंड साबित होने जा रहा है। इस शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर एक या दो नहीं, बल्कि पूरे 9 फिल्मों का महा-क्लैश होने जा रहा है, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के दिग्गज आमने-सामने होंगे। इस लिस्ट में मनोज बाजपेयी की पॉलिटिकल ड्रामा, इम्तियाज अली का अनकहा रोमांस, कंगना रनौत की देशभक्ति और हॉलीवुड के स्टीवन स्पीलबर्ग का सस्पेंस शामिल है।*



**गवर्नर:** इस वीकेंड की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एवर्नर', जिसमें मुख्य भूमिका में नेशनल अवॉर्ड विनर मनोज बाजपेयी हैं. यह एक गंभीर पॉलिटिकल ड्रामा है। मनोज बाजपेयी हमेशा से ही अपनी परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड और सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, इसलिए इस फिल्म को लेकर दर्शकों और समीक्षकों में जबरदस्त उत्सुकता है।

**मैं वापस आऊंगा :** बॉलीवुड के सबसे चहेते निर्देशकों में से एक, इम्तियाज अली इस फिल्म के साथ वापसी कर रहे हैं. हालांकि फिल्म की कहानी को पूरी तरह से सीक्रेट रखा गया है, लेकिन इम्तियाज का नाम ही जज्बाती और रूहानी प्रेम कहानियों की गारंटी माना जाता है। फैंस को उम्मीद है कि ये एक रोमांटिक-इमोशनल ड्रामा होगी।

**भारत भाग्य विधाता :** कंगना रनौत स्टारर यह फिल्म लीडरशिप, शासन व्यवस्था और राष्ट्रीय पहचान जैसे ज्वलंत मुद्दों पर आधारित एक और बड़ी पॉलिटिकल फिल्म है। कंगना के हालिया राजनीतिक बयानों और फिल्मों को देखते हुए यह फिल्म सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरने वाली है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा इसे पहले ही दिल्ली में टैक्स-फ्री घोषित किया जा चुका है, जिससे इसे बॉक्स ऑफिस पर अच्छी बढ़त मिलने की उम्मीद है।

**हॉन्टेड 3डी :** भारत में हॉरर फिल्मों के बेताज बादशाह विक्रम भट्ट अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइजी 'हॉन्टेड' के नए पार्ट के साथ लौट रहे हैं. इसमें अलौकिक शक्तियों, बेहतरीन विजुअल इफेक्ट्स और डरावने सस्पेंस का दावा किया गया है।

**बैकरूम्स :** हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'बैकरूम्स' भी एक बड़ी रिलीज साबित हो सकती है। यह फिल्म इंटरनेट पर वायरल हुए 'बैकरूम्स' कॉन्सेप्ट पर आधारित है, जिसने वर्षों से अनगिनत ऑनलाइन थ्योरी, कहानियों और वीडियो को जन्म दिया है। रहस्यमयी और डरावने माहौल के लिए मशहूर इस विचार को अब एक फीचर फिल्म के रूप में बड़े पर्दे पर उतारा गया है। अपनी अनोखी कहानी, बेचैनी पैदा करने वाले वातावरण और मनोवैज्ञानिक डर के कारण यह फिल्म खासकर युवा दर्शकों के बीच काफी चर्चा में है। रिलीज से पहले ही इसे साल की सबसे प्रतीक्षित हॉरर फिल्मों में गिना जा रहा है।

**स्कैरी मूवी :** हॉलीवुड की मशहूर पैरोडी फ्रेंचाइजी 'स्कैरी मूवी' एक नए पार्ट के साथ आ रही है, जो पॉप-कल्चर और हॉरर फिल्मों का मजाक उड़ाते हुए दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट करने के लिए तैयार है।

**द नर्मदा स्टोरी :** नर्मदा नदी और उसके आस-पास रहने वाले समुदायों के जीवन से प्रेरित यह फिल्म एक सामाजिक ड्रामा है, जो मानवीय संवेदनाओं और सिस्टम पर चोट करती नजर आएगी।

**हीर सारा :** जो लोग मारधाड़, राजनीति और डर से दूर एक शुद्ध प्रेम कहानी देखना चाहते हैं, उनके लिए यह फिल्म एक बेहतरीन विकल्प के रूप में रिलीज हो रही है। यह फिल्म रिश्तों और प्रेम की भावनात्मक कहानी को बड़े पर्दे पर लेकर आ रही है।

**डिस्क्लोजर डे :** महान फिल्म निर्माता स्टीवन स्पीलबर्ग से जुड़ी यह मिस्ट्री-थ्रिलर फिल्म बड़े-बड़े राज, सस्पेंस और हाई-स्टेक टेंशन से भरपूर है, जो अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के फैंस के लिए ट्रीट साबित होगी।



# फिल्म इंडस्ट्री के लोग मैसेज नहीं करते

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत का फिल्म इंडस्ट्री से पंगा किसी से छिपा नहीं है। अपनी फिल्म भारत भाग्य विधाता के प्रमोशन के दौरान उन्होंने एक बार फिर से उस तल्खी का जिक्र किया। कंगना का कहना है कि इंडस्ट्री के लोग उनके टच में नहीं हैं। वह कोई फिल्म बनाती हैं तो उस पर भी लोग कोई कमेंट नहीं करते। कंगना ने अपनी जिंदगी के स्ट्रगल्स और अहम फैसलों पर भी बात की। कंगना रनौत अपनी फिल्म भारत भाग्य विधाता के लिए काफी एक्साइटेड हैं। मूवी 12 जून को रिलीज होगी। इससे पहले कंगना फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। कंगना से पूछा गया कि क्या उन्हें आने वाली फिल्म के लिए बॉलीवुड से कोई मैसेज आया? इस पर कंगना ने जवाब दिया, 'फिल्म इंडस्ट्री के लोग मुझे मैसेज नहीं करते।' कंगना का मानना है कि सफल लोगों को आलोचना सुननी पड़ती है और आलोचना भी होती है।

# बेबी-डू-डाई-डू का टीजर जारी

**मुंबई।** अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी नई फिल्म 'बेबी डू डाई डू' के साथ दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में इस फिल्म का टीजर रिलीज किया गया है, जिसमें हुमा का बेहद खतरनाक और अनोखा अंदाज देखने को मिला। टीजर में एक महिला की आवाज सुनाई देती है, जो मरी हुई है, वह कहती है, 'मेरी बहन एक किलर है। वह बोल-सुन नहीं सकती, लेकिन वह मेरी आवाज सुन सकती है क्योंकि मैं पहले ही मर चुकी हूं। बेबी कर मर कर, डू डाई डू... उसके छाते से बचके रहना।' टीजर की शुरुआत कॉमिक अंदाज में होती है। यह कहानी मुंबई शहर की है, जहां पिछले 25 दिनों में तीन हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस और मीडिया को कातिल का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। असल में यह कातिल एक महिला है, जो न तो बोल सकती है और न ही सुन सकती है। यह किरदार हुमा कुरैशी ने निभाया है। यह फिल्म हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम के प्रोडक्शन बैनर 'सलीम सिबलिंग्स' की पहली फिल्म है। साकिब सलीम ने इसे प्रोड्यूस किया है।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर देवघर**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**W.R.D./ M.I.D.D. D.C.DEOGHAR/$F_2$-05/2026-27(5th Call) Dated :- 06/06/2026** – जिसका Pr.No. **381684** (Water Resource)26-27*D, द्वारा दिनांक 07.06.2026 को विभिन्न सामाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। उक्त निविदा आमंत्रण सूचना में निम्न परिवर्तन किया जाता है:–

| क्षैतिज क्रमांक | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| 8. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 13.06.2026 (अपराह्न 05.00 बजे तक) | 15.06.2026 (अपराह्न 05.00 बजे तक) |
| 9. तकनिकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 15.06.2026 (अपराह्न 05.00 बजे) | 16.06.2026 (अपराह्न 05.00 बजे) |

शेष सभी सूचनाएँ पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल,
दुमका शिविर देवघर

PR 382072 Deoghar(26-27).D


# बचपन में देखती थीं 'ऑफिस ऑफिस' आज बनीं मुसद्दीलाल की बेटी



**नई दिल्ली।** कभी 'ऑफिस ऑफिस' देखकर बड़ी हुईं श्रुति शर्मा आज उसी चर्चित फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। उन्होंने अपने नए शो 'ऑफिस ऑफिस- चली मुसद्दीलाल की बेटी', पंकज कपूर से मिलने की इच्छा, अपने किरदार अनोखी और सरकारी सिस्टम से जुड़े निजी अनुभवों पर खुलकर बात की। शो में मुसद्दीलाल की बेटी का किरदार निभा रहीं श्रुति शर्मा की एक ख्वाहिश अब भी अधूरी है। स्क्रीन पर जिस किरदार की विरासत को वह आगे बढ़ा रही हैं, उसके पीछे के कलाकार पंकज कपूर से उनकी अब तक मुलाकात नहीं हुई है। पंकज कपूर से मिलने की इच्छा जाहिर करते हुए श्रुति शर्मा ने कहा, 'अभी तक पंकज कपूर सर से मुलाकात नहीं हुई है।

# बिग बॉस 20 की तैयारियां शुरू



**नई दिल्ली।** टेलीविजन का सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 20वें सीजन के साथ वापस आ रहा है। लाखों दर्शकों के लिए 'बिग बॉस' का मतलब ही सलमान खान भी है। सलमान के फैंस के लिए अच्छी खबर यह है कि वह एक बार फिर इस शो को होस्ट करने के लिए तैयार हैं। इस शो के मेकर्स नए प्रतियोगियों को चुनने के लिए ऑडिशन शुरू करने वाले हैं। इस बार कुछ पुराने मशहूर प्रतियोगी भी दोबारा घर में एंट्री ले सकते हैं। इस शो की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सलमान 21 सितंबर से इस नए सीजन की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। 'वीकेंड का वार' में सलमान खान का अंदाज, उनका गुस्सा और समझाने का तरीका ही इस शो की असली जान है, जो इस बार भी दर्शकों को देखने को मिलेगा। 'बिग बॉस 19' काफी कामयाब रहा था, जिसमें गौरव खन्ना, फरहाना भट्ट और अमाल मलिक जैसे सितारों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## एजूकेशन स्पेशल

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट**
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| **Paramedical Course** | **Duration** |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech, Ortho tech | 1 Year |
| **Pharmacy Course** | **Duration** |
| D Pharmacy | 2 Years |
| B Pharmacy | 4 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE),
P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc., P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmacy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी हॉस्पिटल**
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 250 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9201622400, 9201641200, 9201631200

## Appointment आवश्यकता

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** इंडियन आईल कॉर्पोरेशन लिमि. के सर्वो लुब्रिकेंट्स के वितरण कार्य हेतु ग्रेजुएट अनुभवी सेल्समैन चाहिए।अनुभव 4 से 5 वर्ष एवं डिलवरी वाहन हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए। कमर्शियल व्हीकल का लाइसेंस अनिवार्य। **संपर्क- 9425509393.**(RO-567)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** हमारा ट्रांसपोर्ट, दुर्ग में ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर की आवश्यकता है। योग्यता: ट्रांसपोर्ट कार्य का अनुभव, टीम प्रबंधन एवं वाहन संचालन की जानकारी रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता। इच्छुक उम्मीदवार **संपर्क करें:- बी.मोहन, मोबाइल :- 9329021777.** (आरो नं.- 10491)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसर **कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक** (आरो न - 292)

### पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** मैसर्स शारदा प्रसाद साव अवंति बाई चौक कोहका भिलाई पेट्रोल पंप में डीजल पेट्रोल डालने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। **संपर्क:- 76928-88808, 99261-23539.**(आरो न - 288)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### सेल्स/मार्केटिंग

**आवश्यकता है**
**अजय माला प्रकाशन** में पुस्तक प्रचार हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।
योग्यता-12वीं तथा स्नातक अनुभवी को प्राथमिकता
स्वयं का स्मार्ट फोन एवं दु व्हीलर का होना आवश्यक है।
वेतन प्रतिमाह 12,000 रु.
प्रतिदिन रहना-खाना 300 रु.
तथा पेट्रोल अलग से दिया जायेगा
दिनाँक-10 एवं 11 जून, 2026
समय-11 से 6 बजे तक
सम्पर्क करें
**अंबिकापुर** होटल मात्रिका श्री, बाबू पारा, जेल रोड, अंबिकापुर 9644868192, 8602912503
**राजनांदगाँव** होटल इन्द्रलोक, रेल्वे स्टेशन रोड, राजनांदगाँव 9753406175, 7647029011
**जगदलपुर** होटल पंकज पैलेस, मेन रोड, कोतवाली के पास, जगदलपुर 7974251865, 9165600917
**कवर्धा** होटल सपना, घोठिया रोड, रायपुर नाका के पास, कवर्धा (कबीरधाम) 7987977282, 9713369186
**गरियाबंद** होटल नीलकमल, पुलिस परैड ग्राउण्ड के सामने, रावणभाठा, गरियाबंद 7804934421, 8827409552
**महासमुन्द** जोशी लॉज, नेहरू चौक, मेन रोड, महासमुन्द 7692826725, 6265961386

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला, सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, **पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड, रायपुर (संपर्क समय 10:30 से 9:00,) 9425522577, 9425522576.** (RO-035)

### शॉप/फॉर्म हाउस

**आवश्यकता है-** गिफ्ट शॉप मे युवक/ युवतीओं की एवं फॉर्म हाउस मे कार्य हेतु पति- पत्नी की आवश्यकता है आवास बिजली पानी गैस सुविधा वेतन योग्यतानुसार, **संपर्क करें:- 9302708426, 7470602013.** (RO-034)

छोटा विज्ञापन

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** रायगढ़ एवं रायपुर की फैक्ट्रियों हेतु सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता है। वेतन : 15,000 - 18,000 प्रतिमाह।PF, ESIC रहने - खाने की व्यवस्था **उपलब्ध 9201958117, 8109080600.** (RO-855)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में ऑफिस कार्य करने एवं घरेलू कार्य करने के लिए एक योग्य ऑफिस बॉय की आवश्यकता है **सम्पर्क करें- 9579931943.**(RO-41104)

### टेक्नीशिशन

**आवश्यकता है-** यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन – 3, टेलीकॉलर – 3, फील्ड वर्कर – 3, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव – 6, दीपिका सर्विसेज - **कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर मोबाइल: 9826652461.** (RO-857)

### हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, **संपर्क करे- 6232022676.**(आरो-460)

### सफाईकर्मी/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** दुर्ग स्थित राधा होम फर्नीचर में कर्मचारियों की भर्ती हो रही है। सफाईकर्मी, गोदाम कर्मचारी और टाटा ऐस ड्राइवर की आवश्यकता है। **संपर्क:** +919399786131 | **ईमेल:** radhahomefurniture@gmail.com **मिलने का समय - 10:30** am to 1:00 pm(आरो न - 291)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### साउंड लाइट/प्रोजेक्टर

**आवश्यकता है-** साउंड लाइट एवं प्रोजेक्टर स्क्रीन चलाने हेतु 10 वी 12 वी पास, सैलरी 5 अंकों में। अनुभवी भी संपर्क करें। **संपर्क - यश एल ए डी टेक्नोलॉजी, कचना मैंने रोड मोबाइल - 9926791401.** (RO-859)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर, गायत्री नगर, रायपुर स्थित ऑफिसर को एक अनुभवी, नशामुक्त, ड्राइवर की। आसपास के ड्राइवर को प्राथमिकता। **संपर्क करें 8349933320.**(RO-553)

**आवश्यकता है-** अनुभवी कुशल कार ड्राइवर तेलीबांधा में एवम देवपुरी स्थित पेट्रोल पंप में नाइट ड्यूटी स्टाफ की आवश्यकता है। **संपर्क- 9826111220.**(RO-414)

**आवश्यकता है-** शंकरनगर ऑफिस में - (1) कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2) ऑफिस बॉय की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित **संपर्क करें:- 9993011757 8878228031.** (RO-409)

**आवश्यकता है-** भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 500-1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल **करें - 8929449955.** (RO-63586)

### मेडिकल कर्मचारी

**आवश्यकता है-** स्टेशन रोड दुर्ग स्थित अग्रसेन भवन के सामने मेडिकल स्टोर में अनुभवी कर्मचारी की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार **संपर्क 9827954674.**(आरो नं.- 10489)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### वेल्डर/हेल्पर/फीटर

**आवश्यकता है-** टर्नर (लेथमेन), वेल्डर फीटर हेल्पर की आवश्यकता हैं। अतिशीघ्र संपर्क करें- श्री विश्वकर्मा मशीनरी एण्ड इंजीनियरिंग वर्क्स, बजरंग नगर, **आमापारा बाजार, रायपुर, मो. 9827494002.** (RO-085)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु स्टॉफ एवं हम्माल की आवश्यकता, सैलरी 11000-13000. हम्माल की सैलरी 15000-18000.स्टेशन रोड, रायपुर। फुल टाइम अकाउंटेंट की भी आवश्यकता। **8827144922, 7987565997.** (RO-212)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सिक्योरिटी गार्ड - 21, हाउसकीपिंग बाई - 21, हाउसकीपिंग जेंट्स - 15, एरिया मैनेजर गनमैन - 10 पद, वेतनमान 15000 से 25000, आधार कार्ड, 03 पासपोर्ट साइज फोटो लेकर संपर्क करें - एच. आई. एस. सर्विसिस प्राइवेट लिमिटेड कृष्णा प्लाजा, अश्वनी नगर सुन्दर नगर रायपुर (छ ग.) **9171511755, 9039437556, 7713568537, कृपया आफिस आकर संपर्क करें** (RO-A)

## For Rent किराया

**किराये पर उपलब्ध-** बिलासपुर, व्यापार विहार में गुम्बर पैट्रोल पम्प के पीछे VR NEXUS बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर 2560 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर 1910 वर्गफुट, किराये पर उपलब्ध। (पार्किंग सुविधा) **सम्पर्क करें- 9589740766, 9425530355.** (RO-40953)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ-** फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क** Bharti Education Academy Sector - 6 Bhilai **9826196515, 9826896515** (आरो -4154)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस –** विजया फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट) **संपर्क:- 9981421206 , 9437550462**(RO-4345)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि — समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330



**अवेयरनेस**

**रजनी अरोड़ा**

**स्पेशलः मेंस हेल्थ वीक (15-21 जून)**

वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, बढ़ता तनाव, अनियमित-अस्वस्थ खान-पान, शारीरिक गतिविधियों की कमी, धूम्रपान, शराब का सेवन और नींद की खराब आदतों से हर उम्र के पुरुष बीमार हो रहे हैं। इससे हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, मानसिक स्वास्थ्य, नींद संबंधी विकार, हार्मोनल असंतुलन और हड्डियों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इनसे बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, जानिए।

## रेग्युलर कराएं चेकअप-बरतें प्रिकॉशन

# हर उम्र में आप रहेंगे हेल्दी

हमारे समाज में आमतौर पर माना जाता है कि पुरुष आसानी से बीमार नहीं पड़ते। यह सोच उनके स्वास्थ्य के लिए रिस्की हो जाती है, क्योंकि कई पुरुष अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज करते हैं। आईसीएमआर की रिपोर्ट के हिसाब से भारत में तकरीबन 46 प्रतिशत पुरुष किसी न किसी बीमारी से पीड़ित हैं। डब्लयूएचओ के अनुसार केवल बुजुर्ग ही नहीं, युवा और कम उम्र के पुरुष भी स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। इसलिए सजग रहना जरूरी है। अब जानते हैं कि किन समस्याओं का सामना पुरुष ज्यादा करते हैं?

**हृदय रोगः** पुरुषों में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण यही है। भारत में हृदय रोग से होने वाली 70 प्रतिशत से अधिक मौतें



70 वर्ष की आयु से पहले होती हैं। उच्च रक्तचाप, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, शराब, तनाव और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख कारण हैं। सीने में दर्द या भारीपन, बाईं बांह में दर्द, सांस फूलना, अत्यधिक पसीना आना, चक्कर आना और अनियमित धड़कन हृदय रोग के मुख्य लक्षणों में शामिल हैं।

**डायबिटीजः** साइलेंट किलर कहलाने वाली डायबिटीज धीरे-धीरे व्यक्ति के हृदय, गुर्दे, आंखें और तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचाती है। भारत में लगभग 25 करोड़ लोग प्रभावित हैं, जिनमें महिलाओं के बनिस्पत पुरुषों की संख्या ज्यादा है। बार-बार प्यास और पेशाब, अचानक वजन कम होना, थकान, घाव देर से भरना और हाथ-पैरों में सुन्नपन इसके लक्षण हैं।

**मानसिक स्वास्थ्यः** अवसाद, चिंता, तनाव और आत्महत्या की प्रवृत्ति पुरुषों में गंभीर चिंता का विषय है। सीडीसी के अनुसार पुरुषों में आत्महत्या दर महिलाओं से 4 गुना अधिक है। लगातार उदासी, चिड़चिड़ापन, नींद की समस्या, काम में रुचि न रहना और अत्यधिक शराब पीना इसके संकेत हो सकते हैं।

**फेफड़ों की बीमारियांः** सीओपीडी और फेफड़ों का कैंसर, पुरुषों में कॉमन हैं, खासकर धूम्रपान करने वालों में। लगातार खांसी, खांसी में खून, सांस फूलना और सीने में दर्द इसके लक्षण हैं।



**प्रोस्टेट-टेस्टिकल कैंसरः** प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों में होने वाला दूसरा बड़ा कैंसर है। खास लक्षण न होने के कारण इसकी पहचान अकसर प्रारंभिक अवस्था में नहीं हो पाती। अकसर कोई लक्षण नहीं दिखता। पेशाब करने में कठिनाई, बार-बार पेशाब आना, पेशाब में खून और पेड़ू में दर्द इसके संकेत हैं।

टेस्टिकल कैंसर, युवा पुरुषों में अधिक देखा जाता है। अंडकोष में गांठ, सूजन, भारीपन या दर्द होना इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**ओबेसिटीः** यह मूलतया आधुनिक सिटिंग वर्ककल्चर के बढ़ते ट्रेंड, सेडेंटरी लाइफस्टाइल और खान-पान की गलत आदतों की देन है। ट्रंकल ओबेसिटी यानी पेट की चर्बी, हृदय रोग, मधुमेह और जोड़ों की समस्याओं का प्रमुख कारण है। जरूरी है पुरुष अपना बीएमआई इंडेक्स 18.5-24.9 के बीच और कमर की चौड़ाई 90 सेमी. से कम रखें।

**जोड़ों की समस्याएंः** बढ़ती उम्र में हार्मोन की कमी से पुरुषों की भी हड्डियां कमजोर होने लगती हैं, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस, ऑस्टियोपीनिया और आर्थराइटिस जैसी समस्याएं होती हैं। यही नहीं घंटों कंप्यूटर वर्क करने और गलत पॉश्चर के कारण युवाओं में भी पीठ दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

**हार्मोन की कमी और एंड्रोपॉजः** विशेषकर टेस्टोस्टेरोन की कमी से कुछ समस्याएं हो सकती हैं। टेस्टोस्टेरोन केवल यौन हार्मोन नहीं, यह मांसपेशियां, हड्डियां, मनोदशा, ऊर्जा और हृदय स्वास्थ्य भी प्रभावित करता है। यह 20-25 वर्ष की उम्र में चरम पर होता है और बाद में हर साल 1-2 प्रतिशत घटता है। 60 वर्ष की आयु के बाद टेस्टोस्टेरोन हार्मोन तकरीबन खत्म हो जाता है यानी पुरुषों में एंड्रोपॉज या मेल मेनोपॉज होता है। लगातार थकान, चिड़चिड़ापन, वजन बढ़ना, मांसपेशियों में कमजोरी, नींद की समस्या, यौन इच्छा में कमी एंड्रोपॉज समस्या के लक्षण हैं।

**इंफर्टिलिटीः** इरेक्टाइल डिस-फंक्शन, यौन इच्छा में कमी, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता कम होना और इंफर्टिलिटी आज तेजी से बढ़ रही समस्याएं हैं। लाखों पुरुष इससे प्रभावित हैं, लेकिन संकोचवश इसे छुपाते रहते हैं। यह केवल यौन समस्या नहीं, बल्कि हृदय रोग, मधुमेह या हार्मोन असंतुलन का शुरुआती संकेत भी हो सकता है। धूम्रपान, शराब, मोटापा, तनाव और टेस्टोस्टेरोन की कमी इसके प्रमुख कारण हैं।

**सार्कोपीनिया या मसल-लॉसः** उम्र के साथ मांसपेशियों का कम होना एक गंभीर समस्या है। 30 वर्ष के बाद हर दशक में मांसपेशियों का मास 3.5 प्रतिशत कम होता जाता है। 60 साल की उम्र के बाद कमजोरी, संतुलन बिगड़ने और गिरने का खतरा बढ़ जाता है।







**अल्जाइमर और डिमेंशियाः** पुरुषों में बढ़ती उम्र के साथ दिखाई देने वाले गंभीर मस्तिष्क संबंधी विकार हैं, जो याददाश्त, सोचने-समझने की क्षमता और दैनिक कार्य करने की योग्यता को प्रभावित करते हैं। शुरुआती लक्षणों में हाल की बातें भूलना, बार-बार एक ही प्रश्न पूछना, निर्णय लेने में कठिनाई, रास्ता भूल जाना, ध्यान केंद्रित न कर पाना और व्यवहार या मनोदशा में बदलाव शामिल हैं। बढ़ती उम्र, आनुवंशिकता, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, धूम्रपान, शारीरिक निष्क्रियता, सामाजिक अकेलापन और खराब नींद इसके प्रमुख रिस्क फैक्टर्स हैं।

**जरूरी है रेग्युलर हेल्थ चेकअपः** आमतौर पर पुरुष डॉक्टर के पास तभी जाते हैं, जब तक बीमारी के लक्षण स्पष्ट रूप



से दिखाई देने लगते हैं। जिसकी वजह से वे गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आ जाते हैं और कई मामलों में समय से पहले ही मौत हो जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश बीमारियों को समय पर जांच और सही आदतों से रोका जा सकता है।

**20 से 30 वर्ष आयु के पुरुषः** इस उम्र में शरीर सामान्यतः स्वस्थ रहता है, लेकिन धूम्रपान, शराब, जंक फूड, अनियमित नींद और मानसिक तनाव सबसे बड़े खतरे हैं, जो आगे कई बीमारियों की जड़ बनते हैं। पूरी एहतियात बरतनी जरूरी है। इसके लिए टेस्टिकल का स्व-परीक्षण जरूरी है। साल में एक बार ब्लड प्रेशर, सीबीसी ब्लड काउंट, बीएमआई, मानसिक स्वास्थ्य और विटामिन-डी। हर दो-तीन साल में-ब्लड शुगर, विटमिन डी, नेत्र परीक्षण। हर पांच साल में लिपिड प्रोफाइल चेक कराएं।

**30 से 40 वर्ष उम्र के पुरुषः** काम का दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियां और बैठकर काम करने की आदत स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगती हैं। लाइफस्टाइल संबंधी बीमारियां उभरने लगती हैं। इसलिए ये टेस्ट जरूर करवाएं। हर 6 महीने में ब्लडप्रेशर। साल में एक बार, ब्लड शुगर (एचबीएएलसी), लिपिड प्रोफाइल, केएफटीए, एलएफटी, विटामिन बी-12, विटामिन-डी, बीएमआई, मानसिक स्वास्थ्य। हर 2 साल में थाइरॉयड, पेट का अल्ट्रासाउंड करवाना भी जरूरी है।

**40 से 50 वर्ष उम्र के पुरुषः** इस उम्र में वार्षिक पूर्ण स्वास्थ्य जांच अनिवार्य है। हर तीन महीने में ब्लड प्रेशर। हर 6 महीने में ब्लड शुगर और लिपिड प्रोफाइल। हर साल पीएसए (प्रोस्टेट ग्लैंड), टेस्टोस्टेरोन टेस्ट, ट्रेडमिल टेस्ट (हृदय की कार्यक्षमता), कोलोनोस्कोपी (पेट की जांच), स्पाइरोमेट्री, एक्स-रे या सिटी स्कैन (फेफड़ों), आई टेस्ट।

**50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषः** हृदय, पेट, प्रोस्टेट, हड्डियों और मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हर साल पीएसए टेस्ट, आई साइट और ईयर चेकअप। हर दो साल डेक्सा स्कैन (बोन डेंसिटी), इकोकार्डियोग्राफी या एंजियोग्राफी। हर दस साल में क्लोनोस्कोपी टेस्ट। *

**(सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली के सीनियर फिजिशियन, डॉ. मोहसिन वली और पूर्व अध्यक्ष-एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया, डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)**

## अपनाएं ये गुड हैबिट्स

**लंबी उम्र** और बेहतर स्वास्थ्य उम्र का रहस्य हेल्दी लाइफस्टाइल में छिपा है। कुछ अच्छी आदतें कम उम्र में अपनाकर आप स्वस्थ, सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

**हेल्दी लाइफस्टाइलः** बिजी रुटीन होने के बावजूद पुरुषों को हेल्दी रुटीन अपनाना चाहिए। नियत समय पर उठना, सोना, खाना जरूरी है।

**नियमित व्यायामः** वजन नियंत्रित रखें, नियमित व्यायाम करें 20-30 वर्ष की आयु में प्रतिदिन लगभग 45 मिनट व्यायाम की आदत डालें। 30-40 वर्ष में रेग्युलर स्ट्रैंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज और 40 वर्ष के बाद योग, तैराकी तथा पैदल चलना जैसी एक्टिविटीज करना फायदेमंद है।

**संतुलित आहारः** पोषक तत्वों से भरपूर और संतुलित आहार लें। फाइबर, प्रोटीन और कैल्शियम युक्त आहार का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें। आहार में मौसमी और ताजे फल, हरी सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और मेवे खाएं। नमक, चीनी और जंक फूड कम करें। यथासंभव ऑइली फूड खासकर ट्रांस फैट से परहेज करें। पर्याप्त पानी पिएं और विटामिन-डी के लिए प्रतिदिन 15-20 मिनट धूप लें।





**स्ट्रेस करें कंट्रोलः** तनाव को दबाने की बजाय परिवार, मित्रों या विशेषज्ञ से अपने दिल की बात साझा करें। मजबूत सामाजिक संबंध भी लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य से जुड़े हुए हैं। ध्यान, योग और प्राणायाम मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं। इनसे मस्तिष्क में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन बनते हैं जो प्राकृतिक अवसाद विरोधी हार्मोन हैं।

**स्क्रीन टाइम करें सीमितः** लंबे समय तक लैपटॉप, स्मार्टफोन की स्क्रीन देखने से नींद खराब होती है, आंखें कमजोर होती हैं और पीठ दर्द होता है। रात को सोने से एक घंटे पहले मोबाइल बंद करें।

**लें भरपूर नींदः** रोज 7-8 घंटे की नींद लें क्योंकि नींद शरीर ऊर्जा और ताजगी देती है। कम नींद से कोर्टिसोल बढ़ता है, जो हृदय रोग और मधुमेह का कारण बनता है। रात को एक ही समय पर सोने की आदत बचपन से ही बनाएं। धूम्रपान और शराब से पूरी तरह परहेज करें। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की समस्या होने पर बिना कोई देर किए निःसंकोच डॉक्टर को कंसल्ट करें।

**हर्बल जोन**

**रेखा देशराज**

## हीट वेव से बचाने में कारगर हैं फ्रूट्स-हर्ब्स





हालांकि कई दक्षिणी राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है लेकिन उत्तर से लेकर मध्य और पश्चिम भारत में अभी भी हीट वेव्स चल रही हैं। इस वजह से लोग डिहाइड्रेशन, चक्कर आने, थकान और लू से पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में गर्मी से राहत दिलाने, हीट वेव से बचाने के लिए कुछ फ्रूट्स और हर्ब्स का सेवन बहुत कारगर हो सकता है। बेल का शर्बत, सौंफ का पानी, पुदीना, धनिया और खस से बने पेय शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए बहुत कारगर हैं।

**बनाए रखते हैं हाइड्रेशनः** आयुर्वेद के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में शरीर में द्रवों की कमी होने लगती है और पित्त का प्रभाव बढ़ जाता है। इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों और जड़ी-बूटियों का सेवन लाभदायक होता है, जो शरीर को शीतलता प्रदान करें और हमारी ऊर्जा को भी बरकरार रखें। यही कारण है कि इन दिनों बेल, सौंफ, पुदीना, खस, आंवला, धनिया और गुलकंद जैसी चीजों का उपयोग करना फायदेमंद होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इनकी सबसे बड़ी ताकत है, इनमें मौजूद प्राकृतिक तत्व, जो शरीर को हाइड्रेट रखने, हमारे शरीर के पाचनतंत्र को संतुलित करने और गर्मी से होने वाली बेचैनी को कम करने में सहायक होते हैं।

**पुदीना-बेल-आंवलाः** पुदीना शरीर को ताजगी देता है और गर्मी के कारण होने वाली थकान तथा भूख की कमी होने वाली समस्याओं को कम करने में मदद करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सदियों से गर्मी और लू से बचने के लिए बेल का शर्बत पिया जाता रहा है। फाइबर और खनिज से भरपूर बेल में शरीर को गर्मी से लड़ने के लिए अनेक तत्व होते हैं, जो हमारे पाचनतंत्र से लेकर शरीर की ऊर्जा तक को महफूज रखते हैं। गर्मी से लड़ने में कारगर औषधीय फल आंवला भी है। बढ़ती गर्मी और बदलते मौसम के बीच संक्रमणों से बचाव के लिए भी यह बेहद उपयोगी है।

**बरतें ये सावधानीः** यह समझना जरूरी है कि ये फल और हर्ब्स, हीट वेव का इलाज नहीं करते केवल उससे बचाव में सहायक होते हैं। इसलिए किसी व्यक्ति को तेज बुखार, बेहोशी, अत्यधिक कमजोरी या हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखाई दें तो उसे केवल घरेलू उपायों पर निर्भर रखना खतरनाक हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत चिकित्सीय सहायता लेना जरूरी है। *



**डॉक्टर्स सजेशन**

**डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर**

## गर्मी की वजह से जब होने लगें घमौरियां



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे शरीर पर घमौरियां निकल रही हैं। चेहरे, गले पर भी लाल-लाल दाने निकल आए हैं। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सोहम, रोहतक**

हाल में मौसम में काफी उतार-चढ़ाव हुआ है। तापमान कम और ज्यादा हुआ है। सामान्य तौर पर इस तरह बारिश में होता है। अधिक पसीना आने की वजह से घमौरियां होती हैं और तब इस तरह की परेशानी शुरू हो जाती है। इससे राहत के लिए जब भी बाहर से घर लौटें तो पसीने को तुरंत साफ कपड़े से पोछें और स्किन को ड्राय करें। आप घमौरी वाला पावडर भी लगा सकते हैं और संभव हो तो धूप में कम निकलें, जिससे पसीना कम आएगा।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। कुछ हफ्ते पहले अचानक मेरे सिर में दाहिनी तरफ तेज दर्द हुआ। तब पेन-किलर लेने पर यह दर्द ठीक हो गया था। उसके बाद से बीच-बीच में उसी जगह दर्द होता रहता है। कृपया बताएं, ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-अविनाश, रायपुर**

सबसे पहले आप अपनी आंखों की जांच करवाएं। कई बार आंख कमजोर होने की वजह से दर्द शुरू हो जाता है। अगर आपकी आई साइट ठीक है तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। बगैर जांच कराए कोई भी ट्रीटमेंट न कराएं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द और चुभन जैसा फील होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक होगी?**

**-प्रशांत, जांजगीर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको टॉन्सिल की प्रॉब्लम है, जिस वजह से चुभन महसूस हो रही है। बेहतर होगा कि एक बार आप ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वे जांच करके पता लगाएंगे, उसके बाद ट्रीटमेंट किया जाएगा। इस दौरान आप ठंडा पानी या कोई भी फ्रिज में रखी ठंडी चीज बिल्कुल न खाएं न पिएं।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे दाहिने पैर में सूजन दिख रही है। दर्द भी होता है। कृपया कोई उपचार बताएं।**

**-मुकेश, कांकेर**

क्या आपके पैर में कभी चोट लगी थी? क्योंकि इस तरह की समस्या कई बार चोट लगने से होती है। अगर ऐसा है तो आपको एक्स-रे करवा लेना चाहिए, जिससे कारण पता चलेगा। फिलहाल आप पैर में सिंकाई कर सकते हैं और वजन उठाने का काम ना करें। तेज वॉकिंग या रनिंग भी बिल्कुल न करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरे हाथ-पैर के नाखूनों का रंग बिल्कुल सफेद दिखने लगा है। वे रूखे भी दिखते हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-दिवाकर, बिलासपुर**

इस समस्या को सुनकर लग रहा है कि आपको कैल्शियम की कमी है। इस वजह से नाखून सफेद पड़ने लगते हैं। आपको कैल्शियम की दवा लेनी होगी। बेहतर होगा कि डॉक्टर से संपर्क कर आप पहले कैल्शियम की जांच कराएं और डॉक्टर जो दवा प्रिसक्राइब करें, उसे रेग्युलर लें। दवा आपको लंबे समय तक लेनी पड़ेगी। इसमें लापरवाही न बरतें।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मुझे लंच और डिनर के साथ सलाद खाना बहुत पसंद है। क्या खाना खाने के पहले सलाद खाना ज्यादा फायदेमंद होता है?**

**-रचित, दुर्ग**

खाने के साथ आपको जरूर सलाद खाना चाहिए। अगर आप खाने से पहले सलाद खा लेते हैं तो इससे आप खाना कम खाएंगे और पेट में फाइबर ज्यादा पहुंचेगा। डाइजेशन सिस्टम के लिए ठीक रहेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**




## जैकेट के शेष

### मोदी के 'कार्यकाल' ने रचा...

था कि भारत में विकास धीरे-धीरे होता है और इसे हिंदू ग्रोथ रेट का नाम दिया था। विफलता कांग्रेस की लेकिन कलंक हिंदू आबादी पर लगाया गया। प्रधानमंत्री ने 12 साल का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर देश की जनता का आभार प्रकट किया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आज इस यात्रा के ऐसे सभी साथियों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करता हूं। इस अवसर पर एनडीए के सदस्यों ने एक प्रस्ताव भी पेश किया है। यह आपकी उदारता है। मैं इस यात्रा को अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं मानता। यह हम सबकी सामूहिक उपलब्धि है। ये एनडीए के हर घटक दल की एक समान उपलब्धि है। इसलिए मैं इस प्रस्ताव को आप सभी को भाजपा समेत हमारे एनडीए परिवार के सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित करता हूं। उन्होंने कहा, भारत की जनता का नीर-क्षीर विवेक हमेशा अद्भुत रहा है। देश की जनता ने राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक स्थिरता का महत्व समझा है। ये जनता जनार्दन की परिपक्वता ही है कि उसने लंबे समय तक मुझे इस तरह जनता की सेवा का अवसर दिया। 2014 के पहले के कई दशक बहुत अस्थिरता और उथल-पुथल से भरे थे। इसका देश को नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन अब देश की जनता एक स्थिर सरकार का काम भी देख रही है और उसकी निर्णायक क्षमताओं को परख भी रही है। मैं जनता का आभार प्रकट करता हूं। बैठक में भाजपा और एनडीए गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल हुए। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। इनके अलावा भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी दिल्ली पहुंचे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत समेत कई राज्यों के उपमुख्यमंत्री भी इस बैठक में पहुंचे।

### 7 सूत्रीय प्रस्ताव पारित...

सूत्रीय प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के राष्ट्र के प्रति निरंतर योगदान, जनकल्याणकारी नीतियों और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में उनके नेतृत्व को समर्पित है। प्रस्ताव में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीबों को शासन व्यवस्था के केंद्र में रखा गया है। सरकार ने करोड़ों लोगों को पक्के मकान, बिजली, स्वच्छ पेयजल और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि 60 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। प्रस्ताव में दावा किया गया है कि इन योजनाओं के कारण देश में आत्मविश्वास बढ़ा है और 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

### नक्सलमुक्ति और आदिवासी...

नक्सल समस्या से निर्णायक मुक्ति मिली। उन्होंने कहा कि नक्सल हिंसा से सबसे अधिक प्रभावित जनजातीय समुदाय अब शांति, सुरक्षा और विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। बस्तर में 'नियद नेल्ला नार' और 'बस्तर मुन्ने' जैसे अभियानों के माध्यम से योजनाओं का सैचुरेशन मोड में क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा सुरक्षा शिविरों को 'सेवा डेरा' के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनजातीय समाज को नई पहचान और सम्मान दिया है। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हो या धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, इन पहलों ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि देश को पहली जनजातीय महिला राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का नेतृत्व करोड़ों आदिवासियों के सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है। श्री साय ने कहा कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों के दूरस्थ इलाकों तक पहली बार बिजली, सड़क, पेयजल और आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंच रही हैं। वहीं बस्तर में सड़क, रेल और सार्वजनिक परिवहन के विस्तार से कनेक्टिविटी की वर्षों पुरानी चुनौतियां दूर हो रही हैं।

## हैंड ग्रेनेड फटने से उरी में दो जवानों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में मंगलवार को एक ग्रेनेड विस्फोट में दो जवानों की मौत हो गई। यह हादसा सेना के एक कैंप में नियमित रूप से उपकरणों के हस्तांतरण के दौरान हुआ। श्रीनगर स्थित रक्षा जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने बताया कि घायल जवानों को तुरंत सेना के 92 बेस अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## पेज एक के शेष

### बस्तर में मासूमों की जान...

गरीब बच्चे पढ़ते हैं जिन्हें शौचालय नहीं होने की दशा में आस पास के जंगल अथवा झाड़ियों के मैदान में जाना पड़ता हैं। नए शैक्षणिक सत्र के साथ साथ बारिश भी शुरू होने वाली है। लेकिन जिले में भवन विहीन शालाएं 37, जर्जर शाला भवन 60, शौचालय विहीन शाला 176 और उपयोग योग्य शौचालय नहीं होने वाली शालाएं 198 हैं। यह आंकड़े प्राथमिक और मीडिल स्कूल में अधिक लेकिन हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल में कम है। हरिभूमि ने संभाग मुख्यालय के समीप के बाबू सेमरा और हाटगुड़ा स्थित शालाओं का सोमवार को जायजा लिया। जहां गर्मी की छुट्टी के कारण अध्यापक और चपरासी नहीं मिले। शाला भवन के साथ साथ शौचालय और रसोई कक्ष में भी ताला जड़ा हुआ था। लेकिन शालाओं की समस्याएं खुद ब खुद हाल बयां कर रही थी। हाटगुड़ा के प्राथमिक शाला की छत पर लगे टिन काफी पुराने होने से जंग लगने वाली स्थिति में दिखे। वहीं टॉयलेट के आसपास झाड़ियां और घास फूस उग आए हैं। वहीं बाबू सेमरा में प्रायमरी से हायर सेकेंडरी स्कूल तक अलग अलग भवन है। यहां जगह की कमी नहीं हैं लेकिन बाउंड्रीवाल और खेल मैदान न होने से सड़क से गुजरने वाले वाहनों का खतरा बच्चों पर मंडराता है। **37 भवन विहिन शालाओं में 16 प्राइमरी के :** डीईओ कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक भवन विहिन कुल 37 शालाओं में 16 प्राइमरी स्कूल के हैं। वहीं 11 मिडिल स्कूल, 6 हाईस्कूल और 4 हायर सेकेंडरी स्कूल भवनविहिन हैं। **जर्जर शाला भवन छोटे बच्चों के हिस्से:** बस्तर जिले के 60 जर्जर शाला भवन में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी का एक भी भवन जर्जर नहीं हैं। जबकि प्राथमिक शाला 32 और मिडिल स्कूल 28 जर्जर शाला भवन में शामिल हैं। गर्मी छुट्टी में इन जर्जर शाला भवनों को दुरुस्त करने की जरूरत थी। लेकिन नन्हें बच्चे बारिश के बीच पानी टपकते छत और खतरों के बीच पढ़ाई करेंगे।

**सबसे बड़ी समस्या शौचालय विहिन शालाओं की :** स्वीपर नहीं होने और बच्चों की दर्ज संख्या अधिक होने से शौचालय की हालत अधिकांश शालाओं में खराब हैं। 176 शौचालय विहीन शालाओं में 120 प्राथमिक शालाएं हैं। वहीं 49 मिडिल स्कूल, 2 हाईस्कूल और 5 हायर सेकेंडरी स्कूल में शौचालय नहीं हैं। **198 में 133 प्राथमिक शाला के शौचालय उपयोग योग्य नहीं :** अधिकारिक जानकारी के अनुसार बस्तर जिले के 198 शालाओं के शौचालय उपयोग योग्य नहीं हैं, जिनमें 133 प्राथमिक शाला, 61 मीडिल स्कूल, 2 हाईस्कूल और 2 हायर सेकेंडरी के शौचालय शामिल हैं।

### शिक्षा में थोक में तबादले...

जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक लागू रहेगा।

### जानिए... किसे, कहां...

▸▸ गेंदराम चतुर्वेदी-डीईओ बेमेतरा से हटाकर प्राचार्य पद पर वापसी। ये हैं नए जिला शिक्षा अधिकारी ▸▸ बीएल देवांगन- डीईओ, महासमुंद ▸▸ एमजी सतीश - डीईओ, रायपुर ▸▸ विजय तांडे- डीईओ, सक्ती ▸▸ रामेश्वर जायसवाल-डीईओ, बिलासपुर ▸▸ रविकांत यादव-डीईओ, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ▸▸ जितेंद्र गुप्ता-डीईओ, कोरिया ▸▸ संदीप शर्मा-डीईओ, बलौदाबाजार-भाटापारा ▸▸ श्यामानंद साहू-डीईओ, रायगढ़ ▸▸ राजेश चंद्राकर-डीईओ, महासमुंद ▸▸ मधुलिका तिवारी-डीईओ, धमतरी ▸▸ अभय जायसवाल-डीईओ, बेमेतरा ▸▸ दीपक दुबे-डीईओ, बालोद ▸▸ राजकुमार कठौते- डीईओ बस्तर ▸▸ राकेश पांडेय- डीईओ, बीजापुर ▸▸ महेंद्रनाथ पांडे-डीईओ, नारायणपुर

### मुख्य शूटर सहित फरार तीन...

मिश्रा ने बताया कि सर्राफा व्यापरी प्रदीप सोनी की हत्या के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कई विशेष टीमों का गठन किया था। तकनीकी साक्ष्यों, साइबर सेल की मदद और मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए लगातार जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके आधार पर अंतरराज्यीय स्तर पर कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पहले से ही सराफा व्यापारी प्रदीप सोनी की गतिविधियों की रेकी की थी। वारदात को अंजाम देने के लिए स्थानीय स्तर पर भी सहयोग लिया गया था। घटना वाले दिन आरोपी कोटमीकला साप्ताहिक हाट बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदीप सोनी के पास मौजूद सोना-चांदी से भरे बैग को लूटने का प्रयास किया। जब प्रदीप सोनी ने आरोपियों का विरोध किया और बैग देने से इंकार कर दिया, तब मुख्य आरोपी मनीष मंडल उर्फ राहुल ने अवैध हथियार से उन पर गोली चला दी। गोली लगने से प्रदीप सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी मनीष मंडल उर्फ राहुल तथा सुजीत उर्फ राजू दास को बिहार के बांका जिले से गिरफ्तार किया है। वहीं तीसरे आरोपी संतोष दास को झारखंड के गोड्डा जिले से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार यही आरोपी वारदात को अंजाम देने में सीधे तौर पर शामिल थे। इससे पहले मामले में रेकी करने और अन्य प्रकार से सहयोग करने वाले स्थानीय आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका था। इस प्रकार इस हत्याकांड में शामिल सभी सात आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में हैं।

### बिहार-झारखंड से...

से लूट के आभूषण के कुछ मात्रा और अन्य सामग्री आरोपी संतोष कुमार दास के कब्जे से एक नग कट्टा, एक जिंदा कारतूस और अन्य सामग्री और आरोपी राजू के कब्जे से घटना के समय प्रयुक्त कीपेड मोबाईल को जप्त किया गया है। घटना में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### टीएमसी के बागी सांसदों में शत्रुघ्न...

या विस्तृत प्रतिक्रिया अभी सामने नहीं आई है। इस सूची के सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

### कांग्रेस में करें टीएमसी का विलय...

बीच कांग्रेस की सुप्रीम लीडर सोनिया गांधी ने टीएमसी अध्यक्ष ममता बेनर्जी को टीएमसी के कांग्रेस में विलय का ऑफर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता से कहा है कि वो टीएमसी का विलय कर दें, इसके बदले में उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके अलावा उनके भतीजे और सांसद अभिषेक बेनर्जी को भी पार्टी महासचिव का पद दिया जाएगा। संभावित विलय को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने ऐसी किसी संभावना से इनकार किया है। उनका कहना है कि पार्टी के विधायक, सांसद और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधि कांग्रेस में जाने के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए विलय की अटकलों का कोई आधार नहीं है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

NO-P-HQ/GAZ/MED/33841/587 DATE: 03.06.2026

**अधिसूचना**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/बिलासपुर के केंद्रीय अस्पताल में 01 (रेडियोलॉजिस्ट) रिक्ति के सापेक्ष, पूर्णतः वार्षिक अनुबंध के आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए 01 मानद विजिटिंग स्पेशलिस्ट (Honorary Visiting Specialist) के नियोजन हेतु संक्षिप्त अधिसूचना जारी की गई है। पात्रता, योग्यता, आयु, अनुभव, नियम एवं शर्तों आदि से संबंधित विस्तृत विवरण के लिए कृपया दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (SECR) की वेबसाइट http://secr.indianrailways.gov.in पर नीचे दिए गए पाथ (path) के माध्यम से लॉग ऑन करें–

Recruitment/News/Press release → Recruitment → Head -quarters → Gazetted Section

उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (राज.),
सीपीआर/10/177 कृते प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी

South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**
Email-cmodongargarh@rediffmail.com

क्रमांक / 236/ न.पा.प. / 2026 डोंगरगढ़, दिनांकः 09/06/2026

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत मुक्तिधाम योजना अंतर्गत के निविदा दिनांक तक संशोधित एस.ओ.आर. आइटम से सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | सिस्टम बिड नम्बर | निविदा का प्रकार | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 192864 | प्रथम | वार्ड क्रमांक 11 में मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण कार्य। | 17.266 | 30/06/2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्युरमेंट वेब पोर्टल www.uad.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नारायणपुर, जिला- नारायणपुर (छ.ग.)**
दूरभाष (कार्यालय) 07781-252222 e-mail Id- sdmnarayanpur@gmail.com

रा.मा.क्र./202604170500003/अ-20(3)/2025-26

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद् नारायणपुर द्वारा बखरूपाड़ा वार्ड क्रमांक 07 स्थित भूमि खसरा क्रमांक 429 रकबा 0.968 हेक्टेयर (जिसमें वर्तमान में मटन मार्केट संचालित है) रिक्त भूमि पर नगरपालिका की आय वृद्धि हेतु कॉम्प्लेक्स निर्माण किए जाने के लिए भूमि आबंटन प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, जिसकी सुनवाई दिनांक 22.06.2026 को इस न्यायालय में नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आगामी सुनवाई तिथि को या इसके पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
नारायणपुर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई, जिला-दुर्ग**

**// अंतिम सार्वजनिक सूचना //**

क्रमांक /सात/दो/भ.अ./2026/306/94 भिलाई, दिनांक 10/6/2026

कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग के पत्र क्रमांक 5029 दिनांक 01.01.1993 के माध्यम से ग्राम-जुनवानी, प.ह.न. 56/15, खसरा न. 22/1 तथा 26/3 कुल रकबा 14.82 एकड़ पर बहुर सिंह आ. श्री चोवाराम साहू, जुनवानी द्वारा प्रस्तावित SBI कॉलोनी हेतु आवासीय (भूखण्डीय) विकास अनुज्ञा स्वीकृत की गई थी. स्वीकृत विकास अनुज्ञा में दर्शित शर्तों तथा छ.ग. नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन एवं शर्तें) नियम, 1998 के नियम के 10 में दर्शित प्रावधान अनुसार श्री बहुर सिंह आ. श्री चोवाराम साहू द्वारा कमजोर आय वर्ग (ई.डब्लयू.एस.) हेतु कुल योजना भूमि का 15 प्रतिशत रकबा 2.22 एकड़ आरक्षित रखा जाना था, इसी प्रकार छ.ग. भूमि विकास नियम 1984 के नियम 47 के प्रावधान अनुसार सामुदायिक खुला क्षेत्र कुल योजना क्षेत्र का 10 प्रतिशत अर्थात् 1.20 एकड़ आरक्षित रखा जाना था, जिसे उनके द्वारा अप्राधिकृत रूप से भूखण्डों का उप-विभाजन कर विक्रय किया गया है।

इस प्रकार श्री बहुर सिंह आ. श्री चोवाराम साहू द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956, छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 एवं छत्तीसगढ नगर पालिक (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन एवं शर्तें) नियम 1998 सहपठित छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम तथा नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन एवं शर्तें) नियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। नियमों के निरन्तर उल्लंघन से उपरोक्त कॉलोनी, अवैध कॉलोनी की श्रेणी में है।

छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292- एफ (2) में प्रावधान किया गया है कि 'आयुक्त, अवैध कॉलोनी निर्माण की भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करने के प्रयोजन के लिए स्थानीय समाचार पत्रों में 3 बार सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करेगा, उक्त क्रम में प्रथम सार्वजनिक सूचना क्रमांक 1138 दिनांक 22.01.2026 एवं द्वितीय सार्वजनिक सूचना क्रमांक 197 दिनांक 22.05.2026 को प्रकाशन किया गया है। ऐसी सूचना के प्रकाशन के पश्चात् यदि किसी कॉलोनी निर्माण करने वाले या भू-खण्ड धारक से कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आयुक्त द्वारा उस पर विचार किया जायेगा और यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है, तो आयुक्त ऐसी भूमि प्रबंध अधिग्रहित करेगा और उस क्षेत्र के लिए योजना बनायेगा तथा उसे ऐसी रीति तथा ऐसी शर्तों के अध्याधीन विकसित करेगा जैसे कि विहित किया जाये।

उपरोक्त तथ्यात्मक / वैधानिक स्थितियों पर समुचित विचारोपरान्त नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा श्री बहुर सिंह आ. श्री चोवाराम साहू द्वारा ग्राम-जुनवानी, प.ह.न. 56/15, खसरा न. 22/1 तथा 26/3 कुल रकबा 14.82 एकड़ पर प्रस्तावित SBI कॉलोनी एवं उक्त भूमि का प्रबंध उपरोक्त अधिनियम 1956 की धारा 292-एफ (2) के अधीन अधिग्रहित किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त कॉलोनी / भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय में कक्ष क्रमांक 04 में स्वंय या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, भिलाई

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नारायणपुर, जिला- नारायणपुर (छ.ग.)**
दूरभाष (कार्यालय) 07781-252222 e-mail Id- sdmnarayanpur@gmail.com

रा.मा.क्र./202411170500002/अ-20(3)/2024-25

**// उद्घोषणा-पत्र //**

एतद् द्वारा नारायणपुर, तहसील व जिला नारायणपुर के समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् नारायणपुर द्वारा कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि नारायणपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 556 रकबा 1.628 हे. पुराना बस स्टैण्ड के सामने (वन विभाग का विश्राम गृह एवं आवास, खसरा नंबर 683 रकबा 0.679 हे. पुराना विधायक निवास (एस. बी.आई. बैंक), खसरा नंबर 537 रकबा 9.904 हे. पुराना नगर सेना कार्यालय, खसरा नंबर 448/2 रकबा 0.098 हे. पुराना सोसायटी (सोनपुर रोड चौक के समीप), खसरा नंबर 700 रकबा 0.0610 हे. पूर्व जनपद आवास, एस.बी.आई. बैंक के समीप रिक्त शासकीय भूमि एवं जर्जर भवनों/आवासों को तोड़कर अतिक्रमण से बचाने तथा नगरपालिका के आय में वृद्धि हेतु काम्पलेक्स निर्माण के लिए शासकीय भूमि को आबंटित करने की मांग की गई है। जिसकी सुनवाई दिनांक 22.06.2026 को इस न्यायालय में नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आगामी सुनवाई तिथि को या इसके पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
नारायणपुर

**पीएम श्री स्कूल**
**जवाहर नवोदय विद्यालय, बोरई, जिला-दुर्ग (छ०ग०)**
दूरभाष क्र.-0788-2999951

**:: संक्षिप्त निविदा सूचना::**

पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यलाय बोरई, जिला-दुर्ग में जुलाई 2026 से अप्रैल 2027 तक निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु संबंधित पंजीकृत व्यापारियों से सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म पीएम श्री स्कूल, ज.न.वि. बोरई के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 11.06.2026 से 18.06.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक पाँच सौ रूपये नगद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरी हुयी मुहरबंद निविदायें 18.06.2026 सायं 05:00 बजे तक पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत उपस्थित होकर जमा किया जाना मान्य होगा। प्राप्त सीलबंद निविदायें क्रय सलाहकार समिति की बैठक दिनॉक 19.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्राचार्य, पीएम श्री स्कूल, ज०न०वि० बोरई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के कार्यालय में खोली जावेंगी। क्रय सलाहकार समिति के अध्यक्ष के पास निविदाओं को पूर्णतः अथवा आंशिक स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

| स. क्र | सामग्री का नाम | अमानत राशि | स. क्र | सामग्री का नाम | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | सब्जी एवं फल | 50000/- | 02. | स्वीट्स एवं बेकरी | 15000/- |
| 03. | चार पहिया वाहन | 30000/- | 04. | पुराने कम्प्यूटर सामग्री बिक्रय हेतु | 5000/- |

प्राचार्य
पीएम श्री स्कूल,
जनवि.बोरई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्यों का निष्पादन हेतु ई-निविदा सूचना**

निविदा क्रमांक : सीईई-II-आर-26-27-03, (ओपेन ई-टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम) कार्य का नाम : दाधापारा – बिलासपुर के बीच चौथी लाइन के निर्माण (3.48 किमी) के संबंध में, निर्माण कार्य में मिट्टी के काम का शेष निष्पादन, लघु पुल, प्रमुख पुल, सीमा दीवारें, अंतिम गमच्छी, सर्विस रोड, पी-वे कार्य, गिट्टी की आपूर्ति और अन्य संबंधित विविध कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य : ₹ 19,35,78,437.35/-। अमानत राशि : ₹ 38,71,600.00/-। निविदा दस्तावेज की लागत : शून्य। कार्य पूरा होने की अवधि : 07 (सात) महीने, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। (1) निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक : 19.06.2026 को 15:00 बजे तक। (2) निविदा खोलने का समय एवं दिनांक: 19.06.2026 को 15:30 बजे। निविदा दस्तावेज की पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण से संबंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया उप मुख्य अभियंता (कॉन-II) / एस.ई.सी. रेलवे खरूण रेल विहार कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन-492009 के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

उप मुख्य अभियंता / निर्माण-II
सीपीआर/10/181 द.पू.म. रेलवे, रायपुर

South East Central Railway @secrail

**SHRI SHANKARACHARYA PROFESSIONAL UNIVERSITY**
Opposite SSIMS. NH-06, Junwani, Bhilai (CG), Phone: 0788 4088810/4088888

**Ph.D. Admission Notification 2026**
(Regular & *Part-time mode)

No-0468/SSPU/Reg/20 26 Date-09/06/2026

Applications are invited for the admission in Ph.D. program. The subjects are as follows:-

**Subjects Available**

Physics (29), Chemistry (24), Mathematics (19), Life Science (03), English (04), Hindi (02), Management (24), Commerce (05), Pharmacy (45), Journalism & Mass Comm. (06), Sociology (02), Computer Sc. Engineering (09), Computer Application (04), Electrical Engineering (12), Mechanical Engineering ( 04) Electronics & Telecommunication (04)

**Fee Details**

Fee for the Application Form: Rs- 1500/-
Last Date for Application: 30 days from the date of this advertisement
For more details, visit: www.shrishankaracharyauniversity.com
Mobile No.: 86573-99492, 94252-11714, 62320-10136

**Mode of Payment**

The Payment of Rs-1500/- can be made in cash to be deposited in our bank account through challan or the same can be deposited in our account by DD favouring Shri Shankaracharya Professional University payable at Bhilai or the same can be remitted online in our bank account as per the details given below.

Bank Name: Bank of Maharashtra
Account No.: 60365276614, (IFSC Code: MAHB0001322)
Account Name: Shri Shankaracharya Professional University, Bhilai

Please ensure to share the screenshot of the transaction details over email id: accounts@shrishankaracharyauniversity.com. with a copy to research.sspu@gmail.com and also to fill the entrance examination application form in your own handwriting and submit the hard copy of the same to the University office positively, without which no candidature will be considered.

Note:-
1. In case of unavailability of candidates of reserved categories, candidates from general categories will be considered.
2. Reservation policy and relaxations will be as per UGC norms.
3. UGC Regulation 2022 and University Ordinance No. 81 will be followed.
# No. of vacant seats may vary as per availability of Supervisor

Registrar, SSPU, Bhilai

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक / लो.क.वि. / 2026/527 रिसाली दिनाँक 9/06/26

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 04 रुआबांधा कुंदरा पारा बस्ती में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य। (2nd call) | 192766 | 12.00 | 23.06.2026 |
| 2 | वार्ड क्रं. 29 लक्ष्मी नगर में कल्याणी शीतला मंदिर के पीछे रोड चौड़ीकरण एवं रिटेंनिंग वॉल निर्माण कार्य। (2nd call) | 192789 | 12.83 | 23.06.2026 |
| 3 | रूआबांधा उत्तर वार्ड क्रं. 02 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (2nd call) | 192772 | 19.41 | 23.06.2026 |
| 4 | नगर पालिक निगम रिसाली पानी टंकी निगम ऑफिस का संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 192348 | 16.80 | 30.06.2026 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)
उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
रिसाली


## राशिफल

**मेष** - धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** - वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते है।

**मिथुन** - शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** - आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** - सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** - किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** - शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** - आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** - व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** - मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** - परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6253



**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा-5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षपात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 6252 का हल



## सूडोकु नवताल - 6263

सरल



### सूडोकु नवताल - 6262 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहेली से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# कालेजों में दाखिले 16 जून से, जुलाई अंत तक प्रवेश ले सकेंगे छात्र

लंबे इंतजार के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने अंततः महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश तिथि जारी कर दी है। प्रवेश संबंधित दिशा-निर्देश भी विश्वविद्यालयों को प्रेषित कर दिए गए हैं। जारी किए गए आदेश के अनुसार, महाविद्यालयों में प्रवेश 16 जून से प्रारंभ हो जाएंगे। छात्र जुलाई अंत तक दाखिले ले सकते हैं। प्राचार्य स्तर पर जुलाई अंत तक प्रवेश ले सकेंगे। सीट रिक्त रहने अथवा अन्य विशेष परिस्थितियों में 14 अगस्त तक कुलपति की अनुमति से एडमिशन मिलेगा ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रवेश संबंधित ये तिथियां प्रथम सेमेस्टर के लिए है। अन्य सेमेस्टर में प्रवेश पिछली कक्षाओं के परिणाम आने के पश्चात 10 कार्य दिवस तक होंगे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा अप्रैल माह में ही बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। इसके बाद से ही छात्र महाविद्यालयों में दाखिले के लिए भटक रहे हैं। लेकिन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किसी तरह की तिथि घोषित नहीं किए जाने के कारण महाविद्यालय भी छात्रों को लौटा रहे थे। तिथि घोषित होने के बाद विवि प्रबंधन सहित महाविद्यालयों ने भी राहत की सांस ली है।

**विशेष परिस्थितियों में 14 अगस्त तक एडमिशन**



*उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के लिए जारी किए दिशा-निर्देश*

### खोले जा चुके हैं पोर्टल

*विश्वविद्यालय पहले ही छात्रों के लिए आवेदन पोर्टल खोल चुके हैं। केंद्रीकृत आवेदन प्रक्रिया होने के कारण छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर रहे हैं। इसमें उन्हें पांच महाविद्यालयों का चयन अपने पसंद के आधार पर करना है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश तिथि घोषित नहीं होने के कारण विश्वविद्यालयों ने आवेदन करने की अंतिम तिथि घोषित नहीं की थी। अब विश्वविद्यालयों द्वारा अंतिम तिथि के साथ प्रवेश के विभिन्न चरणों की तिथियां भी अपने स्तर पर जारी की जाएगी। मेरिट के आधार पर छात्रों को दाखिले दिए जाएंगे। अधिकतर महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों द्वारा हेल्पडेस्क भी प्रारंभ कर दिए गए हैं।*

# पुलिस का काम अपराध की जांच करना, प्राइवेट रिकवरी एजेंट की तरह काम करना नहीं: हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर तल्ख टिप्पणी की है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा है कि पुलिस निजी वसूली एजेंट के रूप में काम नहीं कर सकती। डिवीजन बेंच ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 बीनएसएस के नियमों का उल्लंघन कर एक फाइनेंस कंपनी एनबीएफसी के बैंक खाते में राशि 'होल्ड' करने के पुलिस के आदेश को खारिज कर दिया है।

नई दिल्ली की 'ऑक्सीजो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड एनबीएफसी कंपनी से जुड़ा है। कंपनी उद्योगों और छोटे व्यवसायियों को लोन देने का काम करती है। कंपनी का एक खाता कोटक महिंद्रा बैंक रायपुर ब्रांच में संचालित है, जिसमें देशभर के कर्जदारों की ईएमआई के तौर पर प्रतिदिन 12 से 15 करोड़ रुपए आते हैं। कंपनी ने रायपुर की एक फर्म 'श्रीजीकृपा प्रोजेक्ट लिमिटेड' को कच्चा माल खरीदने के लिए करीब 10 करोड़ रुपए की लोन सुविधा दी थी। बाद में श्रीजीकृपा प्रोजेक्ट्स का माल सप्लाई करने वाली एक अन्य कंपनी ओएफबी टेक से वजन में धोखाधड़ी को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद मंदिर हसौद थाना में करीब 6.9 लाख रुपए जो बाद में 43.38 लाख रुपये आंकी गई की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया।

**फाइनेंस कंपनी एनबीएफसी के बैंक खाते में राशि 'होल्ड' करने के पुलिस के आदेश को खारिज किया**

### कंपनी न तो आरोपी और ना संबंध

*मामले की जांच करते हुए मंदिर हसौद पुलिस ने बिना किसी ठोस कानूनी आधार के आक्सीजो फाइनेंस कंपनी के खाते से लेनदेन पर पूरी तरह रोक लगा दी। बाद में कंपनी के 53 करोड़ 47 लाख 17 हजार 835 रुपए की राशि को 'होल्ड' पर डाल दिया। बाद में जब मामला बढ़ा, तो पुलिस ने इसे घटाकर 43.38 लाख रुपए होल्ड रखने का नया आदेश जारी किया। पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ आक्सीजो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता कंपनी की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक सिन्हा और विवेक चोपड़ा ने पैरवी की। इसमें बताया गया कि कंपनी न तो इस एफआईआर में आरोपी है और न ही कंपनी का माल की शॉर्ट-सप्लाई या धोखाधड़ी से कोई सीधा संबंध है। पुलिस ने महज एक सिविल, कमर्शियल विवाद में दबाव बनाने के लिए कंपनी का पूरा खाता फ्रीज कर दिया। जिससे उसका रोजमर्रा का बिजनेस ठप हो गया। यह कार्रवाई पूरी तरह से मनमानी, दुर्भावनापूर्ण और व्यापार करने के संवैधानिक अधिकार का हनन है। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और बीएनएसएस की धाराओं की स्पष्ट व्याख्या की।*



### 53 करोड़ से अधिक होल्ड कर देना पूरी तरह से असंगत

*डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा कि पुलिस का काम अपराध की जांच करना है, न कि किसी कमर्शियल विवाद में एक पक्ष को फायदा पहुंचाने के लिए 'प्राइवेट रिकवरी एजेंट' की तरह काम करना। कोर्ट ने कहा है, एफआईआर में शुरुआती नुकसान सिर्फ कुछ लाख रुपए का बताया गया था, उसके एवज में जनता के पैसे का प्रबंधन करने वाली एक विनियमित संस्था के 53 करोड़ से अधिक रुपए होल्ड कर देना पूरी तरह से असंगत, अतार्किक और दंडात्मक है। डिवीजन बेंच ने याचिका को स्वीकार करते हुए पुलिस द्वारा जारी 13 अप्रैल 2026 के उस आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसके तहत राशि को होल्ड पर रखा गया था।*

### कोटक महिंद्रा बैंक और पुलिस को दी हिदायत, बिना शर्त हटाएं होल्ड

ऋणधारक/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान, अद्यतन ब्याज और अन्य संबंधित खर्चों सहित, ई-नीलामी की तिथि से पहले कर दें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांक: 11-06-2026 स्थान: रायपुर

हस्ताक्षरकर्ता /- अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

# 'रामराज्य' की सोच दर्शाती है, 12 साल में आयकर बोझ में आई कमी

## जारी एक सरकारी पुस्तिका में यह बात कहीं गई, भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मददगार होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल में आयकर बोझ में आई कमी सरकार की 'रामराज्य' की अवधारणा को दर्शाती है। निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने के अवसर पर जारी एक सरकारी पुस्तिका में यह बात कही गई है। बुधवार को मोदी सरकार की तरफ से जारी इस पुस्तिका के मुताबिक, माल एवं सेवा कर (जीएसटी), चेहरा-रहित कर व्यवस्था और डिजिटल इंडिया जैसे सुधारों ने सार्वजनिक व्यवस्था में भरोसा बढ़ाया है, जो भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मददगार होगा।*

### सड़क, अस्पताल और बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ा

मोदी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करने वाली इस पुस्तिका में कहा गया है कि करदाताओं के बढ़ते भरोसे से सड़कों, अस्पतालों और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ा है, जिससे देश के भविष्य को मजबूती मिली है। पुस्तिका कहती है कि 2014 के बाद आयकर में चार बार राहत दी गई है और कर-मुक्त आय की सीमा दो लाख रुपये से बढ़ाकर 12.75 लाख रुपये कर दी गई है।





### आयकरदाता बढ़कर 12.13 करोड़ हुए

इसी अवधि में आयकर दाताओं की संख्या 5.26 करोड़ से बढ़कर 12.13 करोड़ हो गई। पुस्तिका के मुताबिक, /"जब सरकार की आय बढ़ी, तो वह खजाने में ही नहीं टिकी रही, बल्कि नागरिकों के पास वापस गई। इसके साथ ही, मोदी सरकार के कार्यकाल में आयकर रिफंड की प्रक्रिया में तेजी से करदाताओं की नकदी उपलब्धता में भी सुधार हुआ है।

### बैंकिंग सुधारों के जरिए एनपीए घटाया गया

*सरकार की तरफ से जारी पुस्तिका के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था 'पांच नाजुक देशों' (फ्रेजाइल फाइव) की श्रेणी से निकलकर 'सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था' बन गई है। इसमें मुद्रास्फीति नियंत्रण, जीएसटी लागू करने और बैंकिंग सुधारों के जरिए फंसा कर्ज (एनपीए) घटाने जैसे सुधारात्मक कदमों को अहम बताया गया है।*

### कर संग्रह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

*इसके अनुसार, जीएसटी व्यवस्था में सुधार किए जाने के बाद कर संग्रह अप्रैल में 2.42 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने करीब दो लाख करोड़ रुपये का लाभ कमाया। पुस्तिका में कहा गया कि मध्यम वर्ग इन सुधारों का सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरा है और घरेलू खपत में करीब दो लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।*

---

## खबर संक्षेप

### सीएमआर ग्रीन 43 प्रतिशत अधिक चढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** गैर-लौह धातु पुनर्चक्रण क्षेत्र की कंपनी सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज का शेयर अपने निर्गम मूल्य 192 रुपये के मुकाबले 43 प्रतिशत से अधिक चढ़कर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 275.40 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य के मुकाबले 43.43 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है।

### रुपया 14 पैसे चढ़कर डॉलर के मुकाबले 95.27 पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 14 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.27 पर रहा। अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने तथा घरेलू मुद्रा में और गिरावट को थामने के लिए आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि शुरुआती नुकसान को कम करते हुए रुपया अंत में सकारात्मक स्तर पर बंद हुआ।

### नुवामा को एमएफ कारोबार के लिए सेबी की मिली मंजूरी




**नई दिल्ली।** नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड को बाजार नियामक सेबी से अपनी परिसंपत्ति प्रबंधन इकाई नुवामा एसेट मैनेजमेंट के माध्यम से म्यूचुअल फंड संचालन शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है। यह मंजूरी कंपनी को अपना म्यूचुअल फंड व्यवसाय स्थापित करने और परिसंपत्ति प्रबंधन पेशकशों का विस्तार करने का रास्ता प्रदान करती है।

### इटर्नल को 9.63 करोड़ रुपए का जीएसटी मांग नोटिस




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने के सामान की आपूर्ति करने वाली जोमैटो और क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटर्नल को आंध्र प्रदेश के कर अधिकारियों से 9.63 करोड़ रुपये का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मांग नोटिस मिला है। इस राशि में कर, ब्याज और जुर्माना शामिल हैं।

### बेन कैपिटल ने एमक्योर में दो फीसदी हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेश कंपनी बेन कैपिटल ने एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स में अपनी लगभग दो प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में सौदों के जरिये 612 करोड़ रुपये में कोटक महिंद्रा फंड को बेच दी। मॉरीशस स्थित निवेश इकाई और बेन कैपिटल से संबद्ध बीसी इन्वेस्टमेंट्स-4 लिमिटेड ने पुणे स्थित एमक्योर के 36 लाख शेयर बेचे। यह कंपनी की 1.89 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। ये शेयर औसतन 1,700 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचे गए। इस प्रकार सौदे का कुल मूल्य 612 करोड़ रुपये रहा।

---

## विदेशी पूंजी आकर्षित हो सकती है, रुपए को समर्थन मिलेगा

# आरबीआई के उपाय 70 अरब डॉलर तक विदेशी पूंजी कर सकते हैं आकर्षितः इंडिया रेटिंग्स

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के एफसीएनआर (बी) जमा एवं सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के बाह्य यानी विदेशी वाणिज्यिक उधारी से जुड़े विदेशी मुद्रा अदला-बदली उपायों से 60 से 70 अरब डॉलर की विदेशी पूंजी आकर्षित हो सकती है, जिससे रुपये को समर्थन मिलेगा। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बुधवार को यह कहा।

केंद्रीय बैंक ने आठ जून को घोषणा की थी कि अधिकृत डीलर बैंक तीन से पांच वर्ष की परिपक्वता वाले विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर बी) जमा के लिए 30 सितंबर तक आरबीआई की अदला-बदली सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। यह सुविधा बैंकों को अमेरिकी डॉलर जमा को नियामक के साथ अदला-बदली करने तथा मुद्रा जोखिम प्रबंधन में मदद करेगी।

### बैंक विदेशी जमाकर्ताओं को बेहतर रिटर्न दे सकते हैं

*आरबीआई के विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ाने के लिए घोषित उपायों में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को 30 सितंबर तक ईसीबी जुटाने के लिए रियायती मुद्रा अदला-बदली सुविधा भी शामिल है। इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि एफसीएनआर (बी) विदेशी पूंजी जुटाने में अहम भूमिका निभाएगा जिसमें हेजिंग यानी जोखिम बचाव से जुड़े लागत का भार आरबीआई उठाएगा और बैंक विदेशी जमाकर्ताओं को बेहतर रिटर्न दे सकेंगे।*

- **30 सितंबर तक अदला-बदली सुविधा का उपयोग कर सकते हैं**
- **बैंक अमेरिकी डॉलर जमा को नियामक के साथ बदल सकते हैं**
- **विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ाने में मदद मिल सकती है**



***रुपया औसत 93.10 के स्तर पर रह सकता है***
*वित्त वर्ष 2026-27 में यह औसतन लगभग 93.10 रुपये के स्तर पर रह सकती है। मुद्रा की दिशा मुद्रास्फीति, ब्याज दरों और पूंजी प्रवाह के रुझान पर निर्भर करेगी।*

***वित्त पोषण दबाव कम होगा*** *: रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा, '' इंडिया रेटिंग्स को उम्मीद है कि यह व्यवस्था बड़े पैमाने पर पूंजी प्रवाह उत्पन्न करेगी, जो 60 से 70 अरब डॉलर के दायरे में हो सकता है। इससे रुपये को महत्वपूर्ण सहारा मिलेगा और वित्तीय प्रणाली में व्यापक वित्त पोषण दबाव कम होगा।''*

### एफपीआई की भागीदारी बढ़ाने कई सुधार लागू

*आरबीआई के अलावा, सरकार ने आठ जून को सरकारी प्रतिभूति बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई सुधार लागू किए। इनमें ब्याज आय, दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) और अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (एसटीसीजी) पर कर छूट, पूरी तरह सुलभ मार्ग (एफएआर) के तहत प्रतिभूतियों का विस्तार और निवेश मानकों को सरल बनाना शामिल है।*

### कमजोर निर्यात के कारण जोखिम बना हुआ

*इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने कहा, '' सरकार और आरबीआई के समन्वित उपाय एक 'बफर' प्रदान करते हैं, लेकिन अनिश्चित वैश्विक माहौल और कमजोर निर्यात के कारण जोखिम बने हुए हैं।' उन्होंने कहा, हालांकि यह अल्पकाल में राहत दे सकता है, लेकिन मध्यम से दीर्घ अवधि में मजबूत पूंजी प्रवाह टिकाऊ राहत प्रदान कर सकते हैं।*

### व्यापार घाटा बढ़ने से रुपए पर दबाव बढ़ा

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने ऊर्जा कीमतों को बढ़ाया है जिससे व्यापार घाटा बढ़ा और रुपये पर दबाव पड़ा है। बड़े पूंजी निकासी ने भी मुद्रा को कमजोर किया है। नीति निर्माताओं ने विदेशी पूंजी आकर्षित करने और विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने के लिए उपाय किए हैं। इनका उद्देश्य केवल रुपये को स्थिर करना ही नहीं बल्कि बाहरी संतुलन सुधारना और वैश्विक बाजार एकीकरण को बढ़ाना भी है।

---

# कपड़ा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना में 96 कंपनियां चयनित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- 12,822 करोड़ रुपए निवेश की प्रतिबद्धता

सरकार ने कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत कुल 96 कंपनियों का चयन किया है। इन कंपनियों द्वारा 12,822.67 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है।

सरकार की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गई।कपड़ा मंत्रालय के अनुसार, तीसरे चरण की ताजा बैठक में 22 नए आवेदकों को मंजूरी दी गई है।इन 22 कंपनियों से 2,339.14 करोड़ रुपये का निवेश मिलने, अधिसूचित उत्पादों में 15,561.34 करोड़ रुपये के कारोबार तथा वस्त्र मूल्य श्रृंखला में 36,217 रोजगार के अवसरों के सृजन की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि तीसरे चरण के अंतर्गत चयनित सभी 96 कंपनियों से कुल 58,294.18 करोड़ रुपये के संभावित कारोबार का अनुमान है। चयनित कंपनियां मुख्य रूप से मानव निर्मित रेशा (एमएमएफ) परिधान, एमएमएफ फैब्रिक और तकनीकी वस्त्र जैसे क्षेत्रों में निवेश करेंगी, जिससे भारत को मूल्यवर्धित कपड़ा विनिर्माण के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय के अनुसार, पीएलआई योजना के प्रति उद्योग जगत की बढ़ती रुचि यह दर्शाती है कि सरकार द्वारा इस क्षेत्र के उभरते और उच्च संभावनाओं वाले क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के प्रयास सफल हो रहे हैं। प्रस्तावित निवेश और उत्पादन क्षमता से देश में एक मजबूत, प्रतिस्पर्धी और वैश्विक स्तर पर सक्षम कपड़ा परिवेश विकसित होगा, जो 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

### योजना 24 सितंबर 2021 में अधिसूचित की गई थी

उल्लेखनीय है कि कपड़ा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना 24 सितंबर, 2021 को अधिसूचित की गई थी। इसका उद्देश्य देश में मानव निर्मित रेशा आधारित परिधान एवं कपड़ों तथा तकनीकी वस्त्रों के उत्पादन को बढ़ावा देना, उद्योग को आकार और प्रतिस्पर्धी क्षमता प्रदान करना, रोजगार सृजित करना और टिकाऊ औद्योगिक विकास को समर्थन देना है।

---

# गूगल की क्लाउड सेवाएं देश के कई शहरों में हुईं बाधित

- डेटा सेंटर में आग लगने के कारण बिजली बंद की गई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




आग लगने के बाद गूगल क्लाउड की सेवाओं में दिल्ली, मुंबई और चेन्नई सहित कई प्रमुख भारतीय शहरों में नेटवर्क व्यवधान और देरी की समस्या देखी गई।

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी ने बुधवार को कहा कि तीसरे पक्ष के इस डेटा सेंटर में आग लगने के कारण नेटवर्किंग उपकरणों की आपातकालीन रूप से बिजली बंद करनी पड़ी, जिससे दिल्ली में एक स्थानीय 'प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस' (पीओपी) अलग-थलग पड़ गया और महानगर क्षेत्र में उपलब्ध नेटवर्क क्षमता घट गई। क्लाउड सेवाएं बाधित होने की घटना मंगलवार देर रात शुरू हुई। कंपनी ने अपने सर्विस हेल्थ डैशबोर्ड पर कहा, /"दिल्ली, चेन्नई, मुंबई और आसपास के क्षेत्रों से गूगल क्लाउड की ओर जाने वाले नेटवर्क ट्रैफिक में रुक-रुक कर अधिक देरी और पैकेट लॉस (डेटा के रास्ते में खो जाने) की आशंका देखी जा रही है।/" कंपनी ने बताया कि प्रभावित डेटा सेंटर से ट्रैफिक को दूसरी जगहों पर स्थानांतरित कर दिया गया है।

---

## अदाणी ग्रीन ने 1.3 प्रतिशत हिस्सेदारी अदाणी इंफ्रा में बेची




**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी के प्रवर्तक समूह की एक इकाई ने खुले बाजार के सौदों के जरिये अदाणी इन्फ्रा (इंडिया) लिमिटेड को कंपनी में 1.3 प्रतिशत हिस्सेदारी 3,246 करोड़ रुपये में बेच दी। एनएसई के थोक सौदों के आंकड़ों के अनुसार, प्रवर्तक समूह 'आर्डोर इन्वेस्टमेंट होल्डिंग लिमिटेड' ने अदाणी ग्रीन एनर्जी के अपने 2.15 करोड़ शेयर बेचे, जो कंपनी की 1.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर हैं। यह औसतन 1,510 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचे गए। इस प्रकार सौदे का कुल मूल्य 3,246.50 करोड़ रुपये रहा। 'आर्डोर इन्वेस्टमेंट होल्डिंग लिमिटेड' के पास मार्च तिमाही के अंत तक अदाणी ग्रीन एनर्जी में 6.35 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

---

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मई में निचले स्तर पर रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- मई में 12 महीने के निचले स्तर 22,908 करोड़ रुपए
- अप्रैल में दर्ज 38,440 करोड़ रुपए से 40 प्रतिशत कम

पश्चिम एशिया संकट के बीच बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश मई में एक साल के सबसे निचले स्तर 22,908 करोड़ रुपये पर रहा। यह प्रवाह अप्रैल में दर्ज 38,440 करोड़ रुपये से 40 प्रतिशत कम है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में मासिक व्यवस्थिति निवेश योजना (एसआईपी) योगदान मामूली रूप से घटकर 30,954 करोड़ रुपये रहा, जबकि अप्रैल में यह 31,115 करोड़ रुपये था। मासिक आधार पर गिरावट के बावजूद एसआईपी, म्यूचुअल फंड उद्योग का एक प्रमुख स्तंभ बना रहा। मई में एसआईपी की प्रबंधन अधिक परिसंपत्ति बढ़कर 17.12 लाख करोड़ रुपये हो गई जो उद्योग की कुल एयूएम का लगभग 21 प्रतिशत है। म्यूचुअल फंड उद्योग में मई में कुल मिलाकर 64,000 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध निकासी दर्ज हुई जबकि अप्रैल में 3.22 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था।

### इक्विटी योजनाओं में निवेश मई 2025 के बाद सबसे कम

आंकड़ों के अनुसार, मई में इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश 22,908 करोड़ रुपये रहा। यह अप्रैल में 38,440 करोड़ रुपये, मार्च में 40,450 करोड़ रुपये, फरवरी में 25,978 करोड़ रुपये और जनवरी में 24,028 करोड़ रुपये था। इक्विटी योजनाओं में यह निवेश मई 2025 के बाद सबसे कम है।

---

# मांग घटने से सोना 4,300 रुपए टूटा, चांदी 10,000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना टूटकर 1.56 लाख रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी गिरावट के साथ 2,45,700 रुपए प्रति किलो

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से मांग कमजोर पड़ने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोना 4,300 रुपये टूटकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जबकि चांदी 10,000 रुपये फिसलकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। स्थानीय सराफा कारोबारियों ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 4,300 रुपये यानी करीब तीन प्रतिशत गिरकर 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 10,000 रुपये यानी करीब चार प्रतिशत लुढ़ककर 2,45,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का बंद भाव 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम रहा था। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका एवं ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया, जिससे डॉलर मजबूत हुआ और कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई। पीएल वेल्थ के प्रमुख (उत्पाद एवं पारिवारिक कार्यालय) राजकुमार सुब्रमण्यन ने कहा कि ऊर्जा कीमतों में उछाल से महंगाई के लंबे समय तक ऊपर बने रहने और ब्याज दरें ऊंची बनी रहने की आशंका बढ़ी है, जिससे सोने-चांदी को लेकर आकर्षण में कमी आई है।

### डॉलर की मजबूती से कीमती धातुओं के मांग पर दबाव

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 90.53 डॉलर यानी 2.13 प्रतिशत गिरकर 4,168.99 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 2.24 प्रतिशत टूटकर 63.87 डॉलर प्रति औंस पर रही। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि डॉलर की मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी से कीमती धातुओं की मांग पर दबाव पड़ा है।

---

# खाड़ी तनाव फिर बढ़ने से शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया

- स्थिर रुख के साथ बाजार बंद हुआ
- तेल एवं गैस, धातु व दूरसंचार में बिकवाली रही

एजेंसी ⏭ मुंबई



अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ने के कारण बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार शुरुआती बढ़त को गंवा कर लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। तेल एवं गैस, धातु और दूरसंचार शेयरों में अंतिम घंटे की बिकवाली की वजह से सेंसेक्स में जहां मामूली बढ़त रही, वहीं निफ्टी नुकसान में बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाले सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवा कर अंत में सीमित लाभ के साथ बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 694.25 अंक तक चढ़कर 74,613.01 अंक के स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन अंत में यह मामूली 64.42 अंक बढ़त के साथ 73,983.18 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 27.15 अंक फिसलकर 23,214.95 अंक पर बंद हुआ।

***एशियाई बाजार नुकसान में बंद*** *: अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी दोपहर के कारोबार में नुकसान में थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।*

---

## ब्लिंक मोबिलिटी ने बैटरी स्वैपिंग तकनीक पर बनाई नई कार

# जल्द लांच होगी सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार, 3 मिनट में फुल चार्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की पॉपुलेरिटी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन आज भी कई लोग इलेक्ट्रिक कार खरीदने से इसलिए हिचकिचाते हैं क्योंकि उन्हें चार्जिंग और रेंज की चिंता रहती है। कई बार लंबी यात्रा के दौरान चार्जिंग स्टेशन ढूंढना मुश्किल हो जाता है और बैटरी चार्ज होने में भी काफी समय लगता है।

अब ऐसी इलेक्ट्रिक कार पेश की गई है जिसमें बैटरी चार्ज होने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जरूरत पड़ने पर सिर्फ कुछ मिनटों में बैटरी बदलकर आगे की यात्रा जारी रखी जा सकेगे। ब्लिंक मोबिलिटी नाम की कंपनी ने बैटरी स्वैपिंग तकनीक पर आधारित एक नई इलेक्ट्रिक कार बनाई है।

### कम होगी रनिंग कॉस्ट

इस इलेक्ट्रिक कार में मॉडर्न फीचर्स भी दिए गए हैं, ताकि ग्राहकों को तकनीक और सुविधा दोनों का बेहतर एक्सपीरियंस मिल सके। साथ ही इसकी रनिंग कॉस्ट पारंपरिक पेट्रोल और डीजल कारों की तुलना में काफी कम रहने की उम्मीद है। कंपनी का दावा है कि बैटरी स्वैपिंग मॉडल अपनाने से कार खरीदने और चलाने की कुल लागत को भी कम किया जा सकता है।

### कार फुल चार्ज पर 250 किलोमीटर का रेंज देगी




***आकार कॉम्पैक्ट रखा गया***
*कार के डिजाइन की बात करें तो इसे शहरों में इस्तेमाल को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसका आकार कॉम्पैक्ट रखा गया है, जिससे भीड़भाड़ वाले इलाकों और संकरी सड़कों पर इसे आसानी से चलाया जा सके। कंपनी का फोकस ऐसे ग्राहकों पर है जो रोजाना के सफर के लिए कम खर्च वाली और पर्यावरण के अनुकूल कार चाहते हैं।*

**किन लोगों के लिए यूजफुल है ये कार?** : यह तकनीक खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है जो रोजाना लंबी दूरी तय करते हैं या जिनके पास घर पर चार्जिंग की सुविधा नहीं है। आमतौर पर इलेक्ट्रिक कार की बैटरी चार्ज होने में कई घंटे लग सकते हैं, लेकिन बैटरी स्वैपिंग सिस्टम में यह इंतजार लगभग खत्म हो जाता है। इससे इलेक्ट्रिक कार चलाना और भी आसान और सुविधाजनक बन सकता है।

### तीन मिनट में फुल चार्ज

इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कार की बैटरी स्थायी रूप से फिट नहीं होती, बल्कि जरूरत पड़ने पर उसे निकालकर दूसरी चार्ज की हुई बैटरी लगाई जा सकती है। यानी जिस तरह पेट्रोल पंप पर कुछ मिनट में फ्यूल भरवाकर आगे बढ़ जाते हैं, उसी तरह भविष्य में बैटरी स्वैपिंग स्टेशन पर जाकर कुछ ही मिनटों में नई बैटरी लगवाकर सफर जारी रखा जा सकेगा। यह महज 3 मिनट से भी कम समय में फुल चार्ज होगी और 250 किमी की रेंज देगी।

# सदियों का इतिहास, दिग्गजों ने फीफा को बनाया खास

## पेले से मेसी-रोनाल्डो तक खास क्लब में शामिल खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप सिर्फ 90 मिनट के खेल और ट्रॉफी जीतने की कहानी नहीं है, यह उन खिलाड़ियों के नाम भी दर्ज करता है, जिन्होंने मैदान पर ऐसे रिकॉर्ड बनाए, जिन्हें तोड़ना आसान नहीं होगा। किसी ने तीन बार विश्व कप की ट्रॉफी उठाकर इतिहास रच दिया, तो किसी ने पांच अलग-अलग संस्करणों में गोल दागकर अपनी छाप छोड़ी। ब्राजील के पेले से लेकर अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो तक, इन दिग्गजों ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर ऐसी उपलब्धियां हासिल कीं, जो उन्हें हमेशा के लिए खास बनाती हैं।

### पेले : 3 बार विश्व कप जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी

ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के नाम फीफा वर्ल्ड कप जीतने का ऐसा रिकॉर्ड दर्ज है, जिसकी बराबरी अब तक कोई खिलाड़ी नहीं कर पाया है। पेले ने 1958, 1962 और 1970 में ब्राजील के साथ विश्व कप का खिताब जीता था। सिर्फ 17 साल की उम्र में 1958 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने वाले पेले ने अपने करियर में फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अलग ही छाप छोड़ी।



### लियोनल मेसी : गोल्डन बॉल का अनोखा रिकॉर्ड

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी फीफा वर्ल्ड कप में दो बार गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। लियोनल मेसी ने पहली बार 2014 विश्व कप में यह सम्मान हासिल किया था। इसके बाद 2022 में अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाने के दौरान भी उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

### रोनाल्डो : 5 वर्ल्ड कप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी

पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फीफा वर्ल्ड कप में ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो किसी और खिलाड़ी के नाम नहीं है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो पांच अलग-अलग विश्व कप संस्करणों में गोल करने वाले पहले और अब तक के इकलौते खिलाड़ी हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 विश्व कप में गोल किए थे।

### दो पीढ़ियां : पिता के बाद अब बेटा विश्व कप में



*नॉर्वे के एर्लिंग ब्रॉट हालैंड फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके साथ ही वह अपने पिता अल्फ-इंगे हालैंड की तरह विश्व कप खेलने वाले परिवार की दूसरी पीढ़ी बन जाएंगे। अल्फ-इंगे हालैंड ने 1994 फीफा वर्ल्ड कप में नॉर्वे का प्रतिनिधित्व किया था।*

### गिलबर्टो मोरा और क्रेग गॉर्डन सबसे युवा और सबसे उम्रदराज

विश्व कप में उम्र भी कई बार रिकॉर्ड की कहानी लिखती है। मैक्सिको के गिलबर्टो मोरा फीफा वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह 17 साल 240 दिन की उम्र में विश्व कप खेलेंगे। वहीं स्कॉटलैंड के क्रेग गॉर्डन 43 साल 162 दिन की उम्र में विश्व कप खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों में शामिल होंगे।

### लास्जलो किसः सबसे तेज हैट्रिक गोल

फीफा वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे तेज हैट्रिक का रिकॉर्ड हंगरी के लास्जलो किस के नाम है। लास्जलो किस ने 1982 विश्व कप में एल सल्वाडोर के खिलाफ सिर्फ सात मिनट के अंदर तीन गोल दागे थे। किस ने 69वें से 76वें मिनट के बीच यह उपलब्धि हासिल की थी।



# सीधे गेमों में जीतीं सिंधू , तन्वी ने किया उलटफेर

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : मालविका, ईशारानी और तान्या ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

एजेंसी ▶▶| सिडनी

पीवी सिंधू की अगुआई में महिला खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन किया जबकि तन्वी शर्मा भी उलटफेर करने में सफल रहीं। तीसरी वरीय सिंधू, तन्वी, मालविका बंसोड, ईशारानी बरुआ और तान्या हेमंत सभी ने राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों के लिए हालांकि बुधवार का दिन खराब रहा जब किरण जॉर्ज, थारुन मान्नेपल्ली और क्वालीफायर सनीथ दयानंद पहले दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।



### सिंधू ने सालाजार को हराया

सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में पेरु की इनेस लूसिया कास्टिलो सालाजार को सीधे गेम में सिर्फ 32 मिनट में 21-13, 21-11 से हराया। सिंधू अगले दौर में हमवतन ईशारानी से भिड़ेंगी, जिन्होंने एक घंटा तीन मिनट चले कड़े मुकाबले में चीन की हान कियान को 22-20, 10-21, 21-14 से शिकस्त दी। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर 17 साल की तन्वी ने किया, जिन्होंने पांचवीं वरीय और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की च्यु पिन चियान को 45 मिनट में 21-12, 22-20 से शिकस्त दी। दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी अगले दौर में साथी भारतीय खिलाड़ी मालविका से भिड़ेंगी, जिन्होंने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड की तोंरुंग सेहेंग को 15-21, 21-7, 21-13 से हराया।

# अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे हार्दिक पंड्या

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या खेलने की स्वीकृति मिलने के कुछ घंटे बाद अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए जब उनकी जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। पंड्या बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपनी पीठ की ऐंठन की चोट से उबरने के बाद खेलने की मंजूरी लेने गए थे। यह चोट उन्हें आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए खेलते समय लगी थी। हो सकता है कि यह नई चोट सीओई में आकलन के दौरान पूरे 10 ओवर की गेंदबाजी करने की वजह से लगी हो।



### 13 से शुरू होगी सीरीज

अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला शनिवार को धर्मशाला में शुरू होगी। इसके बाद लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 17 और 20 जून को दो अन्य मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने कहा, ' उन्हें ठीक होने में तीन हफ्ते लगेंगे इसलिए उनके एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि उनका रिहैबिलिटेशन पूरा नहीं हो पाएगा।' पंड्या आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए कुछ मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन टीम के अंतिम कुछ मैच में खेलने के लिए उतरे थे। इस 32 साल के ऑलराउंडर को यह नई चोट ऐसे समय में लगी है जब अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें अधिक एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### 44 साल की सेरेना का जलवा

## 120 मील प्रति घंटा की रफ्तार से की सर्विस



एजेंसी ▶▶| लंदन

पेशेवर टेनिस से लगभग चार साल दूर रहने के बाद सेरेना विलियम्स ने क्वीन्स क्लब में जीत के साथ वापसी करते हुए दिखाया कि उनके खेल में अब भी बहुत दम है। क्वीन्स क्लब ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में 44 साल की सेरेना ने कनाडा की 19 साल की खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको के साथ मिलकर अपना पहला युगल मैच जीता। इस दौरान सेरेना ने 120 मील प्रति घंटा की रफ्तार वाली सर्विस की और कुछ शानदार विनर्स लगाए।

# इंग्लिश काउंटी टीम ने किया सुथार को साइन

एजेंसी ▶▶| लंदन

अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले स्पिनर मानव सुथार इंग्लैंड के क्लब वारविकशर के लिए काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मैचों में खेलेंगे। वारविकशर ने बुधवार को सुथार के साथ अल्पकालिक अनुबंध की घोषणा की। इस अनुबंध के तहत वह रॉथेसे काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे। पहला मैच 12 से 15 जून तक यॉर्कशर के खिलाफ स्कारबोरो में और दूसरा मैच अगले सप्ताह समरसेट के खिलाफ टॉनटन में खेला जाएगा।



# रिचा की पारी गई बेकार, इंग्लैंड से हारा भारत

एजेंसी ▶▶| कार्डिफ

रिचा घोष की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी पर दानी गिब्सन का हरफनमौला प्रदर्शन भारी पड़ा, जिससे इंग्लैंड ने महिला टी20 विश्व कप के अपने अंतिम अभ्यास मैच में भारत को रोमांचक मुकाबले में 5 रन से हरा दिया। जीत के लिए 172 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम का शीर्ष क्रम एक बार फिर नाकाम रहा। लगातार विकेट गिरने के बीच रिचा ने 36 गेंदों में 68 रन की शानदार पारी खेलकर मुकाबले को रोमांचक बना दिया, लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी स्मिथ ने दबाव में संयम बनाए रखा और भारत की पारी 19.5 ओवर में 166 रन पर समेट दी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड की ओर से एमी जोन्स (45 गेंदों पर 64 रन) और कप्तान नैट स्किवर-ब्रंट (45 गेंदों पर 57 रन) ने अर्धशतक जमाए, जबकि गिब्सन ने महज 12 गेंदों में नाबाद 30 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम का स्कोर छह विकेट पर 171 रन तक पहुंचाया।

देहिनोऽस्मिन्यथा देहे कौमारं यौवनं जरा ।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति ।।13।। भ.गीता

जिस प्रकार शरीरधारी आत्मा इस (वर्तमान) शरीर में बाल्यकाल से तरूणावस्था में और फिर वृद्धावस्था में निरंतर अग्रसर होता रहता है, उसी प्रकार मृत्यु होने पर आत्मा दूसरे शरीर में चला जाता है । धीर व्यक्ति ऐसे परिवर्तन से मोह को प्राप्त नहीं होता ।



जन्म : 15.06.1960 | निधन : 08.06.2026

शांति मिलन

हमारे परिवार के सर्वप्रिय

श्री सुशीलचंद्र पगारिया

सोमवार, दिनांक 08 जून 2026 को
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु के चरणों में जा विराजे हैं ।

शांति मिलन

शुक्रवार, दि. 12 जून 2026, प्रात: 11.00 बजे
जैनम् मानस भवन, एयरपोर्ट के सामने, माना, रायपुर
में रखा गया है ।

उजाले आपकी यादों के सदा साथ रहेंगे ।
जिंदगी की शाम तो होती है, आप हमेशा यादों में साथ रहेंगे ।
हमारा आपको शत् शत् नमन्... विनम्र श्रद्धांजलि...

शोकाकुल

उगमदेवी पगारिया (माताश्री), धर्मसहायिका स्व. श्री मांगीलाल जी पगारिया
सिद्धराज, गजराज पगारिया (भ्राता), प्रियेश (भतीजा), श्रेयांश (पुत्र),
विक्रमादित्य (पौत्र), प्रकाशचंद्र, अशोक कुमार
एवं समस्त पगारिया परिवार

फर्म

मे. मांगीलाल पगारिया । मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर

ATUL




# 20 हजार किमी दूर से हार्ट सर्जरी! कौन सी तकनीक करती है काम

## हजारों मील दूर होता है डॉक्टर, फिर कैसे कर देता है ऑपरेशन

नई दिल्ली। हेल्थकेयर और टेक्नोलॉजी की दुनिया से एक ऐसी खबर आई है जो आने वाले समय में बीमारी का इलाज आसान बना सकती है। एक भारतीय सर्जन ने गयाना में बैठकर, करीब 20,000 किलोमीटर दूर भारत के इंदौर में एक मरीज की सफल रोबोट-असिस्टेड हार्ट सर्जरी की है। यह दुनिया की सबसे लंबी दूरी पर की गई रोबोटिक कार्डियक टेलिसर्जरी का नया रिकार्ड है।

### आखिर कैसे होते है यह डिजिटल चमत्कार?

इतनी दूर से होने वाली सर्जरी को टेली रोबोटिक सर्जरी कहते हैं, जिसमें डॉक्टर और मरीज के बीच की दूरी ज्यादा होती है, डॉक्टर रोबोट की सहायता से सर्जरी को पूरा करते हैं। टेली रोबोटिक सर्जरी के जरिए हजारों किलोमीटर दूर बैठे मरीज का सफल इलाज हो पाता है। इसमें मरीज के पास मशीन और कैमरा रखा होता है और फिर रोबोट की सहायता से शरीर में मशीन डाला जाता है।



### हाई स्पीड इंटरनेट की होती है जरूरत

इस तरह की सर्जरी के लिए हाई स्पीड इंटरनेट की जरूरत होती है। 5 जीबी सुपरफास्ट इंटरनेट की बहुत ही जरूरत होती है। इस तरह की सर्जरी में मरीज के पास भी डॉक्टर की टीम मौजूद होती है। हजारों किलोमीटर दूर डॉक्टर एक खास चेयर बेस्ट रोबोटिक कंट्रोल सिस्टम पर बैठते हैं। वह अपने हाथ को जिस तरह से हिलाते हैं, वैसे ही मरीज के पास मौजूद रोबोटिक हाथ और सर्जिकल औजार हरकत करते हैं।



### स्वदेशी रोबोट का कमाल

रोबोटिक कार्डियक सर्जन डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने इस सर्जरी को इतनी दूरी से किया। खास बात यह है कि इस मुश्किल ऑपेशन के लिए उन्होंने भारत में ही बने एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम का इस्तेमाल किया। डॉ. इंदौर में मौजूद मरीज के दिल की एक धमनी को रोबोटिक आर्म्स के जरिए सफलतापूर्वक अलग किया। इससे पहले इस तररह के ऑपरेशन का रिकॉर्ड फ्रांस और भारत के इंदौर के बीच 10,000 किलोमीटर की दूरी का था। इस नए ऑपरेशन ने उस दूरी को सीधे दोगुना कर दिया है। अब आपके मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि आखिर कैसे मरीज 20,000 किलोमीटर दूर होता है, तब भी डॉक्टर सर्जरी कर देते हैं? ऐसी कौन सी तकनीक है तो हजारों किलोमीटर की दूरी को भी खत्म कर देती है? कैसे होती है इतने लंबी दूरी से सर्जरी, आइए जानते हैं इन सभी सवालों का जवाब।

# एआई की प्यास के आगे नदियां भी कम!

## चैटजीपीटी पर एक छोटा सा ईमेल लिखने में बर्बाद हो रहा है बोतलों भर पानी

**वॉशिंगटन।** हम सब बड़ी आसानी से चैटजीपीटी या किसी अन्य एआई टूल से अपने ऑफिस का काम करवा लेते हैं। ईमेल लिखना हो या कोडिंग करनी हो, एआई पलक झपकते ही सब कर देता है। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि आपके एक छोटे से 100 शब्दों के ईमेल को लिखने के पीछे प्रकृति को कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है? एक नई और चौंकाने वाली रिसर्च के अनुसार, हर बार जब आप एआई से एक छोटा सा काम करवाते हैं, तो यह तकनीक लगभग आधा लीटर पानी गटक जाती है। आइए जानते हैं डिजिटल दुनिया के इस सबसे बड़े और छिपे हुए जल संकट के बारे में, जो पूरी दुनिया को प्यासा बनाने पर तुला है।



कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी की एक ताजा रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, जब आप एआई से 100 शब्दों का एक ईमेल लिखवाते हैं, तो लगभग 519 मिलीलीटर पानी खत्म हो जाता है। यह मात्रा पानी की एक पूरी बोतल के बराबर है। यह पानी दो जगहों पर खर्च होता है।

### गूगल और माइक्रोसॉफ्ट की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों की सालाना सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट्स भी इस सच पर मुहर लगा रही हैं। गूगल की पर्यावरण रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने एक साल में लगभग 8.1 अरब गैलन पानी का इस्तेमाल किया, जिसका 95% सिर्फ डेटा सेंटर्स में गया। गूगल का पानी का खर्च हर साल तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी ने इसके पीछे एआई को ही जिम्मेदार ठहराया है। माइक्रोसॉफ्ट का हाल भी ऐसा ही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जब जीपीटी-4 की ट्रेनिंग चल रही थी, तब आयोवा के एक डेटा सेंटर ने सिर्फ जुलाई के महीने में 1.15 करोड़ गैलन पानी पी लिया था।

### डेटा सेंटर्स को क्यों चाहिए इतना पानी?

एआई को चलाने के लिए जिन एडवांस्ड ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट्स का इस्तेमाल होता है, वे चलते समय भयंकर गर्मी पैदा करते हैं। ये चिप्स 300 से 700 वाट तक की गर्मी छोड़ते हैं। इस गर्मी को शांत करने के लिए 'इवेपोरेटिव कूलिंग' तकनीक का इस्तेमाल होता है। इसमें डेटा सेंटर्स के अंदर पानी घुमाया जाता है, जो मशीनों की गर्मी सोख लेता है। इस प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाले पानी का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा भाप बनकर हवा में उड़ जाता है और हमेशा के लिए खत्म हो जाता है। एक बड़ा एआई डेटा सेंटर एक दिन में उतना पानी पी जाता है, जितना 10,000 आबादी वाला पूरा शहर पीने और खेती के लिए इस्तेमाल करता है।

# अंटार्कटिका में गिरा था चांद का टुकड़ा!

## चंद्रयान-3 ने शिव शक्ति पॉइंट से ढूंढ निकाला लाखों साल पुराना कनेक्शन

**नई दिल्ली।** भारत के चंद्रयान-3 मिशन ने चांद पर तिरंगा लहराकर इतिहास तो रचा ही था, लेकिन अब उसके प्रज्ञान रोवर ने एक ऐसा वैज्ञानिक धमाका किया है, जिसने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों को सोच में डाल दिया है। चांद के साउथ पोल पर मौजूद 'शिव शक्ति पॉइंट' (जहां विक्रम लैंडर उतरा था) की मिट्टी का सीधा कनेक्शन धरती के सबसे ठंडे इलाके यानी अंटार्कटिका से मिला है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि लाखों साल पहले अंटार्कटिका में गिरा चांद का एक टुकड़ा और शिव शक्ति पॉइंट की मिट्टी रासायनिक रूप से एक जैसे हैं। साल 1982 में वैज्ञानिकों को अंटार्कटिका के एलन हिल्स इलाके में एक अनोखा उल्कापिंड मिला था, जिसे नाम दिया गया था 'एएलएचए 81005'। यह असल में चांद का एक टुकड़ा था जो करीब 10 लाख साल पहले किसी टकराव के कारण टूटकर धरती पर आ गिरा था। अब फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 के डेटा की मदद से यह साबित किया है कि इस पत्थर की रासायनिक बनावट चांद के शिव शक्ति पॉइंट की मिट्टी से हूबहू मिलती है।










FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत डीलर – भठागांव : रायपुर टीवीएस, मो. 7909500091, फाफाडीह : सांई मोटर्स, मो. 6262626003, आरंग : सांई मोटर्स, मो. 6262626001, लालपुर : सांई मोटर्स, मो. 6262626006, तेलीबांधा : हीरा टीवीएस, मो. 7880134300, पंडरी : अवनि टीवीएस, मो. 8305165176, जी.ई. रोड : भारत टीवीएस, मो. 9111499111, भिलाई सुपेला: ईशान ऑटोवर्ल्ड प्रा. लिमिटेड, मो. 8871212121, रालस ऑटोकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड, मो. 9171759000, भिलाई 3 : रालस ऑटोकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड, मो. 9171759000, दुर्ग : एस.एस.डी. मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, मो. 7693062762, जगदलपुर : स्पाक ऑटो स्टेर एलएलपी, मो. 7509199999, धमतरी : स्कूटर हाउस, मो. 9827196521, कवर्धा : श्री गुरुनानक ऑटोमोबाइल एलएलपी, मो. 9993309707, राजनंदगांव : एल.सी.के. मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, मो. 9993876300, 8770681011, इंडियन टीवीएस, मो. 9826166566, 9826366566, कोंडागांव : शाई सेल्स एलएलपी, मो. 9692465300, 9779595705, बागबाहरा : कनिज ऑटोमोबाइल्स एलएलपी, मो. 9355530533, दल्लीराजहरा : गुरुदेव ऑटोमोबाइल्स, मो. 9981931573, कांकेर : आयशा मोटर्स, मो.. 8448493681. अधिकृत डीलर – पखांजोर : बंगाल साइकिल एवं ऑटो पार्ट्स, मो. 9479220572, नगरी : दिकेश ऑटो, मो. 9981761572, चारामा : एन सांई टीवीएस ऑटोमोबाइल्स, मो. 9039179813, कुरुद : भिलाई ऑटो, मो. 8982652500, भखारा : समृद्धि मोटर्स, मो. 9202336345, मैनपुर : अनम ऑटो, मो. 7000618960, भानुप्रतापुर : सुभाष मोटर्स, मो. 9755249656, बांदे : रामकृष्ण ऑटो, मो. 6267093399, नारायणपुर : खुशी ऑटोमोबाइल्स, मो. 9406107712, नागरनार : श्री ऑटोमोबाइल्स, मो. 7008549433, गरियाबंद : दिकेश मोटर, मो. 8720000334, अभनपुर : श्री ओम ऑटो, मो. 9893369485, छुरा : पटेल ऑटोमोबाइल्स, मो. 8889994949, गोहरापदर : गणेश ऑटो केयर, मो. 9819380089, बिरगांव रायपुर : ओम श्री मोटर्स, मो. 9039358352, दौंदेखुर्द : आर.एम. मोटर्स, मो. 9826133734, धामधा : श्री हरि मोटर्स, मो. 9302290263, भिंभौरी : भवानी मोटर्स, मो. 9926150675, राजिम : अरिहंत ऑटोमोबाइल्स, मो. 9826113240, नवापाराजिम : श्री कुशल ऑटो, मो. 8109788711, खरोरा : प्रतीक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9827197564, नेओरा : प्रतीक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9300414173, उतई : वी.के. मोटर्स, मो. 8959187052, पाटन : देव ऑटो, मो. 9981086462, अमलेश्वर : शिवाय ऑटोमोबाइल्स, मो. 9111070701, डोंगरगढ़ : रेयांश ऑटो, मो. 7415344077, 9753211132, खैरागढ़ : आर.के. ऑटोमोबाइल, मो. 7489863424, पांडातराई : सांई मोटर्स, मो. 8305728281, पंडरिया : ज्योति एजेंसी, मो. 9893592635, डोंगरगांव : भारत ऑटो, मो. 9827196076, अम्बागढ़ चौकी : भारत ऑटो, मो. 9827196076, मोहला : शुभम मोटर्स, मो. 9399757956, मुरमुंडा : हीरा इंटरप्राइजेज, मो. 8085039059, पोटिया चौक : माय ऑटोमोबाइल्स, मो. 8839205689, माना बस्ती : एन.एस.एम. मोटर्स, मो. 9826150446, सेजबहार : यशश्री मोटर्स, मो. 8390096555, शामपुर : डी.आर. सेल्स एण्ड सर्विस, मो. 9424146682, जुनवानी : जे.डी. मोटर्स, मो. 8959187052, गंडई : सानिया मोटर्स, मो. 9575726332, गुंडरदेही : शिवांश ऑटोमोबाइल्स, मो. 9340940548, बनियागांव : श्री वेंकटेश्वर, मो. 8871572202, सारागांव : श्री गणपति ऑटोज़, मो. 9981855981, फरसगांव : श्री नारायण सेल्स, एम. 9685968593, जामुल : एम.एस. ऑटोमोबाइल्स, मो. 9244008181, लाखोली : श्री श्रीवास मोटर्स, मो. 6266166230, सिलयारी : गौरव ऑटोमोबाइल, मो. 7566593315, छुईखदान : आर.के. ऑटोमोबाइल, मो. 7489863424, देवभोग : खोतेश्वर मोटर्स, मो. 7000188541, सुकमा : पी.आर. ऑटोमोबाइल, मो. 7824006017, बचेली : वोलेंटटीवीएस, मो. 8253001320, गीदम : जगदंबा टीवीएस, मो. 9893801015, गोहरापदर : गणेश ऑटो केयर, मो. 8319380089, बीजापुर : धनलक्ष्मी ऑटोमोबाइल, मो. 9479012090, सालेहवारा : विदर्भ मोटर्स, मो. 7587490364, केशकल : हर्ष ऑटोमोबाइल्स, मो. 9685512528.
dentsu/hb rai/05/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com